तापमान

अधिकतम 30.3 डिग्री

न्यूनतम 13.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



गोड़पारा नदी किनारे रखी गुमटियों को वितरण का इंतजार।

## खबर संक्षेप

### ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में सिल्वर सॉरी कार्यक्रम

**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बहतराई में 11 फरवरी को सिल्वर सॉरी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके मुख्य अतिथि एसएसपी रजनीश सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डा. सौमित्र तिवारी होंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएस के चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल करेंगे।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत



**बिलासपुर।** जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत आज से कर दी गई है। यह अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक जिले के समस्त क्षेत्रों में चलाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और दवा का सेवन कर बीमारी के प्रसार को रोकना है। आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में सभी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से दवा का सेवन किया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन, एडीएम शिव कुमार बनर्जी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने सभी लोगों से अपील की कि वे निर्धारित समय पर दवा का सेवन अवश्य करें, क्योंकि फाइलेरिया जैसे रोगों से बचाव केवल सामूहिक प्रयास से ही संभव है।

### ओपन विवि में एडमिशन की अंतिम तिथि 27 तक

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल ओपन यूनिवर्सिटी के विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 27 फरवरी तक निर्धारित की गई है। ओपन यूनिवर्सिटी में एक जनवरी से प्रवेश प्रक्रिया चालू हुई थी। ऐसे छात्र जो नौकरी करते हुए अपनी डिग्रियां बढ़ाना चाहते हैं उनके लिए ओपन यूनिवर्सिटी विकल्प हो सकता है। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में बीए, बीएससी, बी लिब एंड आईएससी कोर्स में बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश में उम्र का कोई बंधन नहीं है। स्नातकोत्तर स्तर पर एमए अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, समाज शास्त्र, एमए छत्तीसगढ़ी, राजनीति विज्ञान व एमए शिक्षा, एमए-एमएससी गणित, एमएससी कंप्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाईब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस जैसी पाठयक्रमों के लिए संबंधित विषय की स्नातक डिग्री में उत्तीर्ण होना जरूरी है।

### भू-अर्जन करने समाघात दल ने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** जिले के रतनपुर तहसील के ग्राम रतनपुर में हेलीपेड से बादल महल तक सड़क निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम रतनपुर में भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। मूल्यांकन में पाया गया कि रतनपुर में भू-अर्जन से 0.12 एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है जिसका समाघात दल ने क्षेत्रवासियों से भी सहमति लिया। इसमें पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। सामाजिक समाघात दल द्वारा यह पाया गया है कि अधोसंरचना पर कोई बाधा नहीं है तथा अधोसंरचना का कार्य प्रभावित नहीं हुआ है। समाघात दल इस बात से संतुष्ट है कि लोक निर्माण विभाग को जितनी भूमि की आवश्यकता है उतनी ही भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। समाघात दल ने ग्राम रतनपुर में सड़क निर्माण करने रकबा 0.12 एकड़ भूमि का अर्जन लोकहित में करने की अनुशंसा की है।

# 100 करोड़ की लगेंगी मशीनें, 50 करोड़ की बन रही बिल्डिंग

**आधुनिक टेस्टिंग लैब भी बनाया जा रहा**

- कोनी में आईटीआई के बगल में 20 एकड़ जमीन पर 200 करोड़ की लागत से बन रहा सूक्ष्म लघु उद्योग केन्द्र
- 16 करोड़ रुपए में बाउंड्रीवाल बन चुकी, भवन निर्माण के लिए भी टेंडर जारी,कच्चे-पक्के माल की होगी टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

कोनी में आईटीआई के बगल में 20 एकड़ जमीन पर 200 करोड़ की लागत से केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई (लघु एवं मध्यम उद्योग) के लिए ट्रेनिंग और प्रोडक्शन सेंटर खोला जा रहा है।

केन्द्रीय उद्योग विभाग इस जमीन को अपने आधिपत्य में लेकर काम शुरू भी कर चुका है। 16 करोड़ रुपए में बाउंड्रीवाल बन चुकी है तो अब 50 करोड़ रुपए में नई बिल्डिंग निर्माण के लिए टेंडर किया गया है। पूरा निर्माण कार्य इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकान) द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही करीब 100 करोड़ रुपए की मशीनें भी आएंगी। योजना के तहत आधुनिक टेस्टिंग लैब में बनाया जा रहा है जिसमें कच्चा और पक्का दोनों माल का क्वालिटी टेस्ट होगा, ताकि गुणवत्ता कायम रखी जा सकें। दरअसल योजना के तहत जमीन राज्य शासन देगी तो बजट का एलाटमेंट केन्द्र की ओर से किया जाना था।

गौरतलब है कि इस सेंटर की मांग लंबे समय से छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक संघ ने की थी। इसके बाद केंद्र सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने टेक्नोलाजी सेंटर की स्थापना करने की स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया के अनुसार इस टेक्नोलाजी सेंटर से लघु व मध्यम उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। जरूरत के मुताबिक श्रमिकों को प्रशिक्षित कर कुशल बनाया जाएगा। उद्योगों को द्वारा निर्मित वस्तुओं की जांच भी होगी।

उद्योगों को लगने वाले डाई व मशीन कलपुर्जों का निर्माण भी यहीं हो सकेगा। इसके साथ ही यह सेंटर उद्योगपतियों के संपर्क में रहेगा और उनकी मदद के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। इससे श्रमिकों के लिए रोजगार का द्वार भी खुलेगा। ज्ञात हो कि प्रदेश में यह दुर्ग के बाद दूसरा एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर होगा।



### अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र, सुपर ग्रेड आईटीआई

अधिकारियों के मुताबिक इस सेंटर अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र होगा और इसे सुपर ग्रेड आईटीआई भी कहा जा सकता है। इसमें कई प्रकार के कोर्स चलेंगे। कम्प्यूटर लैब के अलावा सेंटर के प्रोडक्शन हाउस, प्रशिक्षण केंद्र, एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक और हॉस्टल का निर्माण होगा। इस सेंटर में 8 वीं से लेकर 12 वीं और कालेज स्तर तक के कोर्स होंगे और उसी हिसाब से एडमिशन होगा। पूरी तरह से संचालन के बाद यहां प्रशिक्षण लेने वाले युवा टूल्स, डाई, मोल्डिंग (डिजाइन) व दूसरे उपकरणों का उत्पादन करेंगे। उद्यमियों को सस्ती दरों पर नई तकनीकी से विकसित उपकरण सब्सिडी पर मुहैया कराए जाएंगे। इसमें फुलटाइम से लेकर पार्ट टाइम तक के कोर्स शामिल किए गए हैं।

**सेंटर में आवासीय प्रशिक्षण की भी व्यवस्था रहेगी**

कोनी में बन रहे इस सेंटर को केंद्र सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा अपने आधिपत्य में ले लिया गया है। मशीनों और उपकरणों की व्यवस्था भारत सरकार द्वारा की जा रही है। खास बात है कि इस सेंटर में आवासीय प्रशिक्षण की भी व्यवस्था रहेगी। ध्यान रहे कि दो साल से चल रही इस प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार से 20 एकड़ जमीन मांगी गई थी। निरीक्षण के बाद कोनी आईटीआई के बगल की जमीन को फाइनल करते हुए उद्योग विभाग के नाम पर चढ़ाया गया। खसरा नंबर 290, 357, 358, 361 में से 16 एकड़ 61 डिस्मिल और खसरा नंबर 356, 359, 360, 362 में से तीन एकड़ 39 एकड़ जमीन राज्य के वाणिज्य और उद्योंग विभाग को आबंटित की गई है।

## लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय का मामला, महीनों से चल रहा यह खेल

# अधिकारी पर दो जिलों का बोझ फाइलें भरकर पहुंचाई जा रहीं घर

**आरटीओ दफ्तर का हाल बेहाल**





आरटीओ कार्यालय में खड़ी निजी कार।



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

रोज इस तरह भरकर अफसर के घर भेजी जाती हैं फाइलें।

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के जिले से बाहर रहने पर आरटीओ में भर्राशाही हावी हो चुकी है। मुंगेली व बिलासपुर कार्यालय का प्रभार संभालने के कारण आरटीओ ज्यादातर कार्यालय में उपस्थित नहीं रह पाते। ऐसे में परमिट, फिटनेस, लाइसेंस और टैक्स जैसे मामलों के लिए अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता पड़ रही है, जिसके चलते आरटीओ में निजी वाहन में साहब के घर तक फाइल पहुंचाई जा रही है। यह रोजाना का काम हो चुका है।

खास बात यह है कि जिस वाहन में फाइल पहुंचाई जा रही है वह एक एजेंट की बताई जा रही है और सरकारी तंत्र से बचने के लिए वाहन में बकायदा प्रेस लिखा हुआ है। ऐसे में परिवहन विभाग के कामकाज पर सवाल उठ रहे हैं। शहर के लगरा स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से परमिट, फिटनेस, लाइसेंस और टैक्स की महत्वपूर्ण फाइलों को निजी गाड़ी क्रमांक सीजी 10 बीवी 1011 में रखकर आरटीओ के घर पहुंचाया जा रहा है। शाम होते ही अंधेरे में फाइलें गाड़ी में रखी जाती हैं। विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को इस बात की पूरी जानकारी है।

इसके बावजूद सरकारी फाइलों को रोकने के बजाय कर्मचारी शाम होते-होते थप्पी गाड़ी में रखने लगते हैं। परिवहन विभाग के दलालों की फौज दुकान लगाकर लाइसेंस और अन्य काम कराने के नाम से ग्राहकों से पैसे वसूलती है, गाड़ी में देर शाम पूरी फाइलें ठिकाने लगाई जाती हैं, वहीं गाड़ी दिनभर एक दुकान के सामने शोभा बढ़ाती है। किसी विवाद से बचने के लिए दलाल ने बड़ी होशियारी से प्रेस लिखा रखा है,जिससे परिवहन व पुलिस की जांच में भी गाड़ी को रोका नहीं जा रहा है।

### आरटीओ में चल रही गफलत

अधिकारियों के नहीं होने के कारण दफ्तर के कामकाज पर बेहद असर पड़ रहा है। खास बात यह है कि जहां आरटीओ कार्यालय में प्रशासनिक कार्य के चलते नहीं बैठ रहे हैं, वहीं उनके अधीनस्थ अधिकारी भी स्वास्थ्यगत कारणों से छुट्टी पर चल रहे हैं। ऐसे में कर्मचारी ही कार्यालय चला रहे हैं। इसका फायदा वसूली करने वाले एजेंट उठा रहे हैं जिससे कार्यालय के कई कर्मचारी भी परेशान हो चुके हैं। टैक्स माफी, रूट के परमिट जैसे मामले में अतिरिक्त राशि लेने का आरोप लग रहा है।

### नियमों को बता दिया है धता

एक ओर परिवहन विभाग वाहन मालिक और चालकों के लिए नित नए नियमों की कसावट ला रहा है, वहीं कार्यालय में सारे नियमों को ताक पर रखकर काम चल रहा है। आरटीओ कार्यालय में अधिकारियों की कमी बनी हुई है, कामकाज में दलालों का दखल बढ़ रहा है।धोखाधड़ी और अपराधों पर नकेल कसने के लिए सिस्टम को अपडेट कर नियम कड़े किए जा रहे हैं,पर परिवहन विभाग के महत्वपूर्व दस्तावेज निजी गाड़ी में ले जाने को रोकने वाला कोई नहीं है।

**गंभीर मामला, जानकारी ली जाएगी**

निजी वाहन पर सरकारी फाइलों को भेजा सही नहीं है। यह बेहद गंभीर मामला है। अधिकारी व कर्मचारियों से इस बारे में जानकारी ली जाएगी।

**-डी रविशंकर,** कमिश्नर, परिवहन विभाग

# पीएससी की तैयारी में असफल होने पर छात्र ने फांसी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मृतक

- सुसाइड नोट लिखा पिता, बहन से मांगी माफी

पीएससी परीक्षा की तैयारी में असफल होने पर छात्र ने किराए के रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उसने अपने माता पिता से माफी मांगी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, रायगढ़ घरघोड़ा निवासी आकास पंडा पिता विनय पंडा 26 साल कपिलनगर में किराए के मकान में रहकर पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। 22 फरवरी को पीएससी की परीक्षा होनी है। 9 फरवरी की रात आकास पंडा ने अपने रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात 9 बजे उसके दोस्त उससे मिलने के लिए रूम पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था। आवाज देने पर दरवाजा नहीं खोलने व मोबाइल में फोन लगाने पर रिसीव नहीं करने पर दोस्तों ने खिड़की से देखे तो युवक फांसी पर लटका नजर आया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह दरवाजा खोलकर शव को फंदे से नीचे उतारकर सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया था। 10 फरवरी की सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

**यह लिखा है सुसाइड नोट में**

बहुत उदास मन के साथ हताशा मरते हुए विदा होते हुए अंतिम लेख लिख रहा हूं, जिंदगी के उतार चढ़ाव से मन भर गया है। लगातार पीएससी की परीक्षा देने के बाद भी सफल नहीं हो पा रहा हूं। इस बार भी परीक्षा की तैयारी नहीं हो पाई है। इस जिंदगी में कुछ नहीं कर पाया। माता-पिता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया हुं। माता-पिता के लिए बोझ बन गया हूं। अपनी बहन से कहा है कि माता पिता का दायित्व तेरे उपर आ गया है, दोनों को अच्छे से सम्भाल कर रखना... सारी मम्मी, पापा ।

## 2 करोड़ का साइकिल ट्रैक बदहाल



**बिलासपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शुरू की गई रेंट ए साइकिल योजना अब बदहाल और बर्बाद होती नजर आ रही है। इस योजना का लाभ शहरवासी उठाने में असफल रहे हैं, जिससे साइकिलों का उपयोग नहीं के बराबर हो पाया। साइकिल ट्रैक का हाल भी खराब है। लोग इन पर गाड़ियां पार्क कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग अपनी बिल्डिंग का मटेरियल भी रख रहे हैं। ठेले और गुमटी लगाकर इसे और भी अव्यवस्थित किया जा रहा है। लगभग 2 करोड़ रुपए खर्च कर इस योजना की शुरुआत की गई थी, जिसमें रिवर व्यू रोड, नेहरू चौक, पुराना बस स्टैंड, गांधी चौक और रेलवे स्टेशन पर पांच स्टेशनों का निर्माण किया गया लेकिन पूरी योजना फेल हो गई और अब योजना के संचालन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जोड़ों को मिला लाभ

# दूसरी जाति में शादी की और बन गए 'लखपति'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- नकद और एफडी दोनों प्रकार के फायदे

जात-पात के गणित को परे रखकर दूसरी जाति के युवक या युवती के द्वारा दूसरी जाति के मनपसंद युवक या युवती से विवाह करने पर जिले में 6 सालों में 184 जोड़ों को 'लखपति' बनने का अवसर मिला है। अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़ों को 1 लाख रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि एवं डेढ़ लाख रूपए की फिक्स डिपॉजिट प्राप्त हुई है। छह वर्षों में इन जोड़ों को 4 करोड़ 60 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

सरकार द्वारा प्रारंभ की गई अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना जिले में अपने उद्देश्यों के अनुरूप ही कार्य कर रही है। इसका ताजा उदाहरण यह है कि वर्ष 2019 में योजना से जहां केवल तीन जोड़े लाभांवित हुए थे, वहीं 2025-26 आते-आते लाभांवित जोड़ों की संख्या बढ़कर 51 हो चुकी है। छह सालों में कुल 184 जोड़ों ने दूसरी जाति वर्ग के युवक या युवती को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार कर न केवल जीवनपथ पर चलना शुरू किया, बल्कि बखूबी रिश्ता भी निभाया जाता रहा है। ट्राईबल विभाग द्वारा इन 184 जोड़ों को 1.74 करोड़ रूपए का नगद भुगतान किया गया है, वहीं 2.61 करोड़ रूपए इनके नाम पर एफडी किए गए हैं। सरकार द्वारा अंतरजातीय विवाह करने वाले जोड़ों को गणतंत्र दिवस पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाता है।

### शादी टिकाऊ, तभी मिल सकेगी एफडी की राशि

योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को एक लाख रूपए नगद भुगतान किए जाते हैं। शेष डेढ़ लाख रूपए की तीन साल के लिए एफडी की जाती है। ऐसा इसलिए ताकि जोड़ों में तालमेल बना रहे और उनका विवाहित जीवन सामंजस्य से चलता रहे। चूंकि विवाह अंतर्जातीय है, जिससे शुरूआती वर्षों में अलगाव का रिस्क हो सकता है। इसीलिए दूल्हा, दुल्हन एवं एसी ट्राईबल के नाम से बैंक में संयुक्त खाता खोलकर डेढ़ लाख रूपए एफडी कराए जाते हैं। तीन साल बाद शपथपत्र पत्र देकर भुगतान प्राप्त किया जा सकता है। तीन साल से कम अवधि में अगर नव विवाहित जोड़ा अलग हुआ, तो एफडी की राशि का भुगतान नहीं किया जाता।

### तीन साल पहले शादी टूटी हो, ऐसा एक भी केस नहीं

जिले में छह साल के भीतर ऐसा एक भी मामला सामने नहीं आया है, जिसमें जोड़ों ने तीन साल की अवधि से पहले ही अपना रिश्ता समाप्त कर लिया हो। जोड़ों ने बेहतर रिश्ता निभाते हुए तीन साल के बाद ट्राईबल विभाग से अपना एफडी का भुगतान प्राप्त कर लिया है। यह आंकड़ा इस बात का गवाह है कि शासन द्वारा प्रारंभ की गई यह महत्वाकांक्षी योजना अपने उद्देश्य को मूर्त रूप दे रही है।

**भुगतान किया गया**

अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिले में वर्ष 2019-20 से अब तक कुल 184 जोड़ों को लाभ प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत नगद व एफडी मिलाकर जोड़ों को 4.60 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। योजना की अच्छी बात यह है कि एफडी के लिए निर्धारित तीन साल की समयावधि से पूर्व शादी टूटने के एक भी प्रकरण सामने नहीं आए हैं।

**- संजय चंदेल,** सहायक आयुक्त ट्राईबल विभाग

### क्या है नियम

योजना का लाभ लेने के लिए विवाह करने के एक साल के भीतर आवेदन करना अनिवार्य है। इसमें आवेदक की आय का कोई बंधन नहीं रखा गया है। शादी हिंदू मैरिज एक्ट 1955 के अंतर्गत सक्षम अधिकारी से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। दूसरी शादी पर इसका लाभ नहीं मिलेगा, लेकिन विधवा महिला द्वारा दूसरी शादी करने पर इसका लाभ दिया जा सकेगा, लेकिन शर्त यह है कि दोनों में से किसी ने इस योजना का लाभ पहले न लिया हो। आवेदकों की अधिकतम आयु 35 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए, लेकिन पुरूष की आयु न्यूनतम 21 व महिला की 18 वर्ष होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### तालाब में बिल्डरों ने किया बाउन्ड्रीवाल रास्ता बंद, शिकायत कलेक्टर से



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने साप्ताहिक जनदर्शन में मंगलवार को दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। आवेदन लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन एवं अपर कलेक्टर एसएस दुबे ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। लगभग 50-60 लोगों ने कलेक्टर से मिलकर समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत धौराभाठा के सरपंच, सचिव सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में स्थित प्राथमिक शाला भवन एवं अतिरिक्त कक्ष भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है। छत की प्लास्टर गिर रही है और बारिशों के दिनों में सीपेज की समस्या बनी रहती है। जिससे कभी भी दुर्घटना की स्थिति निर्मित हो सकती है। कमिश्नर श्री सर्वे ने डीईओ को आवेदन की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। संत कबीरदास नगर वार्ड 11 के निवासी संजीव पाल ने वार्ड में रोड एवं नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि सड़कों में गड्ढों की वजह से दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है। इस मामले को नगर निगम आयुक्त देखेंगे। अग्निकांड से क्षतिग्रस्त आवास के लिए सहायता राशि दिलाने तालापारा की श्यामकली खूटे ने गुहार लगाई।

### गैस पाइप डालने गड्ढा खोदा और भूल गए, हादसे को दे रहा निमंत्रण



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक से एसबीआर कालेज की ओर जाने वाली सड़क पर गैस पाईप डालने के लिए बड़ा गड्ढा खोदने के बाद लोग इसे भरना ही भूल गए हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए सड़क पर रखा गया पीला बैरियर गड्ढे के ऊपर रख दिया गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ गई है। यह मार्ग चौबीसों घंटे दुपहिया, चारपहिया एवं भारी वाहनों की आवाजाही वाला है, जिससे इस तरह बड़ा गड्ढा खोदकर छोड़ देना बड़े हादसे को निमंत्रण देना है।

### रांग साइड खड़े होने वालों से यातायात बाधित, दूसरों को होती है परेशानी



**बिलासपुर।** ट्रैफिक सिग्नल पर बायीं ओर जाने वालों के लिए छोड़ी गई जगह में दुपहिया व चारपहिया वाहनचालकों द्वारा गलत तरीके से अपने वाहन खड़ा कर ग्रीन सिग्नल का इंतजार करने वालों से बड़ी परेशानी हो रही है। ऐसे वाहनचालकों के कारण बायीं ओर जाने वालों को अनावश्यक सिग्नल ग्रीन होने तक का इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान बायीं ओर जाने के लिए पीछे खड़े लोगों का कई बार सामने गलत तरीके से वाहन खड़ी करने वालों से विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती ह। पुराने बस स्टैण्ड पर सिग्नल में कुछ इसी तरह से गलत साईड पर खड़े वाहन चालकों से मंगलवार को पीछे वालों की झड़प होती रही।

### पेड़ काटकर बिजली के तार में लटका दी डगाल

**बिलासपुर।** इंदु चौक से मगरपारा जाने वाली सड़क पर पेड़ कटाई कर नगर निगम के कर्मचारियों ने पेड़ों की कटाई की है। इस दौरान पेड़ काटने के बाद काटी गई डगाल पेड़ से लगी बिजली के तार पर ही लटका दी गई है। बर्जेश स्कूल के ठीक पीछे चौबीस घंटे आवाजाही वाले मार्ग में बिजली के तार पर इस तरह से डगाल लटका दिए जाने के कारण गंभीर खतरा बना हुआ है। डगाल के भार से तार टूटने की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है। इसके लिए न तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा गंभीरता दिखाई गई है, और न ही विद्युत मंडल के कर्मचारियों को ही सूचना दी गई है, जिससे गंभीर खतरा बना हुआ है।



### मानवता की सेवा के लिए प्रभुलाल ने किया देहदान

**बिलासपुर।** नगर निगम से रिटायर कर्मचारी प्रभुलाल खैरवाला ने मानवता की सेवा के लिए देहदान किया है। परिजनों ने उनके अंतिम क्षणों में की गई इच्छा को पूरे सम्मान के साथ अंगिकार किया है। दरसल माता चौरा सरकंडा निवासी प्रभुलाल खैरवाला का 10 फरवरी को निधन हो गया। वे नगर निगम के रिटायर कर्मचारी थे। अपने जीवन के अंतिम क्षणों में उन्होंने देहदान करने की इच्छा व्यक्त की थी, परिजनों ने इस महान भावना का सम्मान किया और इसकी जानकारी सिम्स को दी। परिजन श्याम साहू, चंद्रकांत खैरवार, बालेश्वर खैरवार, प्रेमलाल खैरवार, कृष्णकांत खैरवार,भानु प्रताप खैरवार एवं तरुण खैरवार ने अस्पताल प्रबंधन से मिलकर औपचारिक कार्रवाई कराई। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि देहदान अमूल्य योगदान है, चिकित्सा विद्यार्थियों के अध्ययन, प्रशिक्षण एवं शोध कार्यों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. शिक्षा जांगड़े, डॉ. अमित कुमार, डॉ. निलेश महोबिया तथा दिवंगत के परिजन उपस्थित रहे।



---

साफ -सफाई को लेकर उठ रहे सवाल | आंखों का आपरेशन बंद, भटक रहे मोतियाबिंद के मरीज

# जिला अस्पताल का ओटी बैक्टीरियल पॉजिटीव, एक माह में दो बार आपरेशन

**बिलासपुर।** जिले का सबसे बड़ा जिला अस्पताल में इन दिनों मोतियाबिंद का आपरेशन बंद है। आपरेशन थिएटर पूरी तरह से संक्रमित है। वहीं दीवारों पर सीलन दिखाई दे रहे है। जिसके चलते आंखों का आपरेशन नहीं किया जा रहा है।

वहीं अधिकारियों का कहना है कि माइक्रोबायोलॉजी की रिपोर्ट निगेटिव नहीं मिलते तक किसी हाल में आपरेशन नहीं किया जा सकता है लेकिन इस बात से साफ है कि जिला अस्पताल में साफ सफाई को लेकर निर्धारित नियमों का पालन तक नहीं किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन की




उदासीनता के चलते आंखों के मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में हर साल सैकड़ों मोतियाबिंद के आपरेशन किए जाते है लेकिन पिछले माह जनवरी से ही अस्पताल का ओटी बैक्टीरियल पाजिटीव है। संक्रमण इतना बढ़ चुका है कि एक माह में महज दो दिन ही 13 आपरेशन किए गए है। खास बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी भी है लेकिन ओटी को साफ सुथरा करने की कवायद फेल हो चुकी है। वहीं आपरेशन बंद होने के कारण आंखों के मरीजों को सीधे निजी अस्पताल में जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही सिम्स में कल्चरल रिपोर्ट के लिए सैंपल भेज गए है, लेकिन अबतक रिपोर्ट नहीं मिली है, इससे पहले भी कई बार सैंपल लिए गए लेकिन ज्यादातर मामलों में यह पाजिटीव ही मिले है जिसके बाद डाक्टरों ने आपरेशन करने से हाथ खड़ा कर दिया है।

#### मरीज को हो सकती है परेशान

खास बात यह है कि आपरेशन थिएटर के बैक्टीरिया से संक्रमित होने पर आंखों के आपरेशन करने पर मरीज को नुकसान होने का खतरा बढ़ जाता है। जिले में अखफोड़वा कांड इसका उदारहण बन चुका है। ऐसे में आंखों के डाक्टर आपरेशन करने से कतराते है।

#### लगातार तीन नेगेटिव रिपोर्ट की जरूरत

जिला अस्पताल के आपरेशन थिएटर के अंदर सीपेज पाए गए है। यही कारण है कि रिपोर्ट नेगेटिव नहीं मिल रही है। वहीं आपरेशन शुरू करने से पहले डाक्टर ओटी के रिपोर्ट नेगेटिव चाहते है। इसके लिए प्रबंधन को 3 बार नेगेटिव रिपोर्ट की जरूरत पड़ती है।

#### नेगेटिव रिपोर्ट मिलन के बाद फिर से होगा ऑपरेशन

एक माह से आपरेशन बंद होने जैसा मामला नहीं है। हमने पिछले शुक्रवार और शनिवार को ही आपरेशन कराए है लेकिन कल्चरल रिपोर्ट के पाजिटीव आने के बाद आपरेशन नहीं किया जा सकता है, इससे मरीजों को नुकसान होता है। नेगेटिव रिपोर्ट मिलने के बाद आपरेशन फिर से शुरू होगा।

-डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ व नेत्र रोग नोडल अधिकारी

---

भाजपा का संभागीय व्यापारी सम्मेलन

# विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण करने नींव का पत्थर साबित होगा बजट




संभागीय व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वर्तमान बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को पूरा करने, आर्थिक समृद्धि और रोजगार देने वाला है जो भविश्य में नींव का पत्थर साबित होगा। ये बातें केन्द्रीय बजट के प्रदेश संयोजक व बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने भाजपा द्वारा आयोजित संभागीय व्यापारी सम्मेलन व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि देश के विकास, सुरक्षा और उसके हितों की योजना एक दिन में पूरा नहीं होती वह वर्षो के त्याग तपस्या व दूरदृष्टि का परिणाम होता है। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता विगत 12 वर्षों की तैयारियों की वजह से मिली। श्री अग्रवाल ने कहा कि रक्षा बजट भविष्य की सारी चुनौतियों को ध्यान में रख कर बनाई जाती है। उन्होंने बताया कि लगभग 52 से 53 हजार करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ के विकास के लिए आवंटित है। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सड़क मार्ग प्राधिकरण द्वारा 40060 किमी का सड़क निर्माण 40 हजार करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। 51 हजार करोड़ रुपए रेल्वे क्षेत्र के विकास के लिए आवंटित है। छत्तीसगढ़ राज्य को माइनिंग कारीडोर की घोषणा की गई है।

#### सभी क्षेत्रों के विकास की योजनाएं तैयार की गई : कौशिक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का 12वॉ बजट पेश हुआ है जो विकसित भारत के लक्ष्यों को पूरा करने वाला है। सन् 2014 के पहले वैश्विक रूप से भारत आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ था, किन्तु इन 12 वर्षों में सन् 2026 तक 53 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया है। इस बार बजट के माध्यम से सभी क्षेत्रों के विकास की योजनाएं तैयार की गई है।

कार्यक्रम में क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, गुलशन ऋशि, महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, अजीत सिंह भोगल, संतोश कौशिक, अश्वनी शर्मा, पेंगन वर्मा, सोमेश तिवारी, प्रदीप कौशिक, एस कुमार मनहर, जनक देवांगन, डॉ.देवेन्द्र कौशिक, रितेश अग्रवाल, रानू सिदार, चंदना गोस्वामी, वैभव गुप्ता, स्नेहलता शर्मा, घनश्याम कौशिक, हनीफ खान, सुनील मलघानी, अशोक जोतवानी, महेश माखिजा, विश्णु बिंदल, बलदेव अग्रवाल, कालू अग्रवाल आदि मौजूद थे।

#### भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में सशक्त कदमः शर्मा

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 किसान, युवा, महिला, व्यापारी एवं मध्यम वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह बजट किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा देश को तकनीकी रूप से सशक्त करने वाला है। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, रेल, सड़क, रक्षा एवं पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री शर्मा ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि युवाओं के लिए पांच नए विश्वविद्यालय स्थापित किए जाएंगे। चलचित्र निर्माण, दृश्य प्रभाव, खेल निर्माण एवं चित्रकथा क्षेत्र में वर्ष 2030 तक 20 लाख प्रशिक्षित पेशेवर तैयार किए जाएंगे। पर्यटन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 10 हजार युवाओं को पर्यटन मार्गदर्शक के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। महिलाओं के लिए बजट में स्व-सहायता उद्यमी बाजार की घोषणा की गई है। लखपति दीदी योजना का विस्तार करते हुए अब इसका लक्ष्य 2 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ महिलाओं तक किया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 28,183 करोड़ रुपए किया गया है। किसानों के हित में पशुपालकों के लिए ऋण अनुदान, मछली पालन के लिए 500 बड़े तालाबों का निर्माण, अखरोट एवं बादाम उत्पादक किसानों के लिए विशेष योजनाएं तथा छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा ने कहा कि कर सुधारों के अंतर्गत विदेश यात्रा पर लगने वाले स्रोत पर कर संग्रह की दर 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दी गई है। प्रवासी भारतीयों को संपत्ति विक्रय के लिए अब अलग पहचान संख्या की आवश्यकता नहीं होगी तथा आयकर विवरणी भरने की तिथि भी बढ़ाई गई है। उन्होंने पूर्ववती कांग्रेस शासन और वर्तमान केंद्र सरकार की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, किसान, रेल एवं पूंजीगत व्यय का बजट सीमित था।

---

## लालखदान हादसा : महिला चालक की नौकरी पर लटकी तलवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान में ट्रेन हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट मिलने के बाद अब मृत चालक के परिजन को नौकरी तो मिल सकती है, लेकिन महिला परिचालक की नौकरी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

- **सीआरएस की प्रारंभिक रिपोर्ट चालक और परिचालक को बताया घटना का दोषी**

तीन माह पहले बिलासपुर से गतौरा स्टेशन के बीच लालखदान के पास कोरबा से बिलासपुर आ रही लोकल मेमू अप लाइन पर खड़ी कोयला लोडेड मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस हादसे में 14 से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी और 20 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। हादसे के कारण ब्रेक यान सहित पीछे के दो यात्री कोच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके कारण रेल प्रशासन को भी करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा था। इस मेमू ट्रेन को मृत चालक विद्यासागर के साथ सहायक परिचालक के रूप में रश्मि राज परिचालन कर रहे थे। मालगाड़ी की टक्कर के कारण मौके पर ही चालक की मौत हो गई।

वहीं गंभीर रूप से घायल अवस्था में सहायक परिचालक रश्मि राज को अपोलो और केन्द्रीय रेलवे हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। करीब 20 से 25 दिन तक महिला सहायक चालक रश्मि राज की हालत में किसी तरह का कोई सुधार नहीं हो सका। वहीं घटना के जांच की जिम्मेदारी रेल मंत्रालय ने रेलवे सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा को सौंपी थी। श्री मिश्रा एक माह के अंतराल में लगातार कोलकाता से बिलासपुर का दौरा कर जांच करते रहे। इस दौरान उन्होंने घटना से जुड़े विभागीय अफसरों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की। सीआरएस की जांच तक महिला सहायक चालक सस्पेंशन में रही। एक से डेढ़ माह की जांच के बाद सीआरएस ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में उन्होंने रेलवे के सिस्टम को पूरी तरह से खराब बताया। वहीं घटना का दोषी चालक और परिचालक को माना गया। वर्तमान में मृत चालक के परिजन को नौकरी दिए जाने की प्रक्रिया तो रेलवे में चल रही है, लेकिन महिला सहायक चालक की नौकरी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अफसर महिला सहायक चालक को आगामी दिनों में रिमूवल करने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

#### कैब का कैमरा भी खराब

रेल प्रशासन किसी भी ट्रेन में अपनी व्यवस्था को नहीं सुधार पा रहा है। इसके कारण बाहर से आने वाले अधिकारियों को भी किसी तरह की घटना के बाद जांच करने में परेशानी हो रही है। लालखदान हादसे में जिस मेमू ट्रेन की मालगाड़ी से टक्कर हुई, इसके बाद इंजन, ब्रेक यान और दो कोच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसमें कैमरा भी लगा हुआ था, लेकिन वह महीनों से बंद पड़ा हुआ था। ट्रेन संख्या 68733 में टीसीएमएस यूएसबी आधारित ब्लैक बॉक्स मौजूद था, लेकिन डेटा 1024 बाइट्स की सीमा में होने और बफर फुल होने पर नियंत्रित शटडाउन न होने के कारण महत्वपूर्ण डेटा खो गया। इसकी वजह से रिकार्डिंग नहीं मिलने के कारण जांच भी अधूरी रह गई।

---

## सामूहिक विवाह में 175 जोड़े बंधे बंधन में

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश भर में किया गया। जिसमें 6 हजार 412 जोड़ों ने दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

उन्होंने वर्चुअली जुड़कर सभी नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया। जिला स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन स्व. बीआर यादव बहतराई स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में जिले के 175 पात्र जोड़ों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कराया गया। कार्यक्रम में विधायक धरमलाल कौशिक, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने दंपत्तियों को शुभकामनाएं दीं। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि



सरकार निर्धन परिवार के बेटे और बेटियों की चिंता कर रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धन परिवारों को बड़ा आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याण योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकरात्मक बदलाव आ रहे है। कार्यक्रम में क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि शासन की ओर से प्रत्येक हितग्राही जोड़े को 35 हजार रुपए का चेक उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, बिल्हा जनपद अध्यक्ष राम कुमार कौशिक, भारती माली, वंदना जेण्ड्रे, एडीएम शिवकुमार बनर्जी, एसडीएम मनीष साहू, सुरेश सिंह आदि मौजूद थे।

## सिक्किम के मीडिया सदस्यों ने किया गेवरा का भ्रमण

**बिलासपुर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) सिक्किम एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सिक्किम से 15-सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने 10 फरवरी को कोयला खदान गेवरा का दौरा किया।

यह दौरा देश की ऊर्जा सुरक्षा में एसईसीएल भूमिका, पर्यावरणीय प्रयासों और सतत खनन पहलों को प्रत्यक्ष रूप से समझने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा में अत्याधुनिक एचईएमएम संचालन का अवलोकन किया। दल को सरफेस माइनर के माध्यम से ब्लास्ट-फ्री कोयला उत्खनन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जो पर्यावरण-अनुकूल होने के साथ-साथ सुरक्षित और प्रभावी खनन का उदाहरण है। उन्होंने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही पर्यावरण-अनुकूल



भ्रमण के दौरान एसईसीएल अफसरों से मिला प्रतिनिधिमंडल।

कोयला डिस्पैच प्रणाली को भी देखा, जिससे धूल-उत्सर्जन में कमी, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होती है। साथ ही गेवरा में विकसित मियावाकी पद्धति से किए गए सघन पौधारोपण को सदस्यों ने सराहा। उन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण के प्रति एसईसीएल के संतुलित दृष्टिकोण की सराहना की। गेवरा दौरे के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में एसईसीएल प्रबंधन से एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (तक.) संचालन, बिरंची दास, निदेशक (एचआर), रमेश चन्द्र महापात्र, निदेशक (तक.) योजना/परियोजना- के साथ संवाद किया।

---

फंगल मेलानिन क्रीम को प्लेटिनम, सिसल फाइबर कंपोजिट शोध पर गोल्ड अवार्ड

# शोध शिखर 2026 में डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय का परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के लिए गर्व का अवसर तब बना जब रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित "शोध शिखर 2026" में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने उत्कृष्ट शोध के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दर्ज कराई। लाइफ साइंस एवं बायोटेक्नोलॉजी से जुड़े फंगल मेलानिन आधारित क्रीम एवं प्रारंभिक ऊतक क्षति के उपचार विषय पर किए गए शोध को प्लेटिनम अवार्ड मिला।

वहीं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की सहायक अध्यापक जोइता मुखर्जी को मानव बाल के साथ सिसल फाइबर की कंपोजिंग विषयक शोध पत्र के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल संबंधित विभागों के लिए बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। देशभर से आए शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और उद्योग प्रतिनिधियों के बीच डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के शोध कार्यों को मिली सराहना ने संस्थान की शोध क्षमता, नवाचार और समाजोपयोगी अनुसंधान की दिशा को मजबूती प्रदान की है।




#### शोध शिखर सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए माडल और शोध पत्र

रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय परिसर में शोध शिखर 2026 सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न तकनीकी और विज्ञान क्षेत्रों से जुड़े सैकड़ों मॉडल एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। उद्घाटन सत्र में शिक्षा जगत के विशेषज्ञों ने शोध की उपयोगिता, उद्योग से समन्वय और समाज पर पड़ने वाले प्रभावों पर विचार रखे।

#### नवाचार से समाज परिवर्तन का संकल्प मजबूत होता है

कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि शोधकर्ताओं की उपलब्धि विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रतिबद्धता दर्शाती, नवाचार से समाज परिवर्तन का हमारा संकल्प निरंतर मजबूत होता। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मान से संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ी, शोध संस्कृति को नई ऊर्जा मिली। सम कुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि युवा वैज्ञानिकों की सफलता प्रेरक है। इस प्रकार "शोध शिखर 2026" में मिली दोहरी सफलता ने डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय शोध परिदृश्य में नई ऊंचाई प्रदान की है। यह उपलब्धि आने वाले समय में और बड़े नवाचारों की आधारशिला साबित होगी।

## ग्राम पंचायत गोंदईया के छात्र यश कुमार का भारतीय नौसेना में चयन

**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत गोंदईया, पोस्ट रानीगांव, थाना रतनपुर, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान छात्र यश कुमार कैवर्त का चयन भारतीय नौसेना में हुआ है। उनके पिता हर प्रसाद कैवर्त ने बताया कि यश कुमार कैवर्त एक मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर गोंदईया से प्राप्त की। कक्षा 10वीं में उन्होंने शासकीय हाई स्कूल गोंदईया से 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और कक्षा 12वीं में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रानीगांव से गणित विषय में 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वर्तमान में वे महामाया महाविद्यालय रतनपुर में बीए द्वितीय वर्ष और सेंट्रल कोनी बिलासपुर से आईटीआई कर रहे थे। उनका परिवार वातावरण शैक्षणिक और देशभक्ति से परिपूर्ण है। उनके पिता हर प्रसाद कैवर्त देव संस्कृति विद्यालय कर्रा रतनपुर में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। वे 11 फरवरी बुधवार को बिलासपुर स्टेशन से सुबह 8:30 बजे पुरी हमसफ़र एक्सप्रेस से आईएनएस चिल्का, ओडिशा में अपनी ट्रेनिंग के लिए प्रस्थान करेंगे।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



समारोह

## ज्ञान भारती स्कूल के विद्यार्थी 27 साल बाद मिलकर हुए भावुक



**बिलासपुर**। ज्ञान भारती स्कूल जांजगीर के कक्षा 12 वीं 1999 बैच के विद्यार्थियों ने 27 साल बाद मित्र मिलन समारोह का आयोजन एक निजी होटल में किया। कार्यक्रम में त्रिपुरा, राउलकेला, संबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, केरल के मित्रों को मिलने की चाह ने खींच लाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इसके बाद उन मित्रों के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया जो अब हमारे बीच नहीं रहे। प्रथम सत्र में पुराने मित्रों ने अपना-अपना परिचय देते हुए वर्तमान में अपनी नौकरी, व्यवसाय के बारे में बताया। वर्तमान समय में कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर, कोई व्याख्याता, शिक्षक, कोई पुलिस विभाग में, कोई सफल व्यवसायिक, कोई पत्रकार है। सबने इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपने 27 साल पहले की उम्र को याद कर भावुक हो गए एवं अपने गुरुजनों को याद किए। सत्र के बीच-बीच में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल, गीत, चुटकुले, कविता आदि की प्रस्तुति दी जाती रही। कार्यक्रम का संचालन ई. रविन्द्र दुबे बालको कोरबा एवं आभार प्रदर्शन ई. देवेंद्र शर्मा केंद्रीय गृह मंत्रालय त्रिपुरा व निधि जैन रायपुर ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति आगामी मिलन समारोह में मिलने की घोषणा एवं व्याख्याता व साहित्यकार प्रदीप कुमार राठौर बिलासपुर ने निदा फ़ाज़ली की पंक्ति-जब भी चाहो इनायत से बुला लो मुझको, मैं गुजरा वक्त तो नहीं जो वापस न आ सकूं... से किया।

प्रॉमिस डे

## वैलेंटाइन डे : टेडी डे पर गिफ्ट देने खूब बिके टेडी



**बिलासपुर**। प्रेम के इजहार का पर्व वैलेंटाइन डे 14 फरवरी को मनाया जाएगा। इस दिन युवा वर्ग एक-दूसरे से अपने प्रेम का इजहार करेंगे। वहीं इस दिन गुलाब की खूब बिक्री होगी। खास कर लाल गुलाब की मांग ज्यादा रहेगी। मंगलवार को टेडी रहा। प्रेमी जोड़े गिफ्ट में टेडी दिए। वैलेंटाइन डे की शुरुआत संत वैलेंटाइन से जुड़ी मानी जाती है। वैलेंटाइन डे मनाने का उद्देश्य प्रेम और रिश्तों का सम्मान करना, भावनाओं को खुलकर व्यक्त करना, अपने प्रियजन को खास महसूस कराना होता है। आज यह दिन सिर्फ कपल्स तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दोस्त, पति-पत्नी और परिवार के लोग भी एक-दूसरे को प्यार का एहसास कराते हैं।आधुनिक समय में वैलेंटाइन डे रिश्तों में मजबूती लाने का अवसर, प्यार, विश्वास और समर्पण का संदेश देता है। फूल, चॉकलेट, ग्रीटिंग कार्ड इस दिन की पहचान बन चुकी है। वैलेंटाइन डे से पहले पूरा सप्ताह प्रेम सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। जिसमें रोज़ डे, प्रपोज़ डे, चॉकलेट डे, टेडी डे, प्रॉमिस डे, हग डे और किस डे शामिल है। मंगलवार को टेडी डे रहा। टेडी बियर देने का मकसद सिर्फ गिफ्ट देना नहीं है बल्कि यह पार्टनर का साथी बनता है। बुधवार 11 फरवरी को प्रॉमिस डे, गुरुवार 12 फरवरी को हग डे, शुक्रवार 13 फरवरी को किस डे, शनिवार 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाएगा।

# सात समुन्दर पार मनाया गया गजानन महाराज का प्रकट उत्सव

सात समुंदर पार अमेरिका के न्यू ब्रंसविक, न्यू जर्सी में गजानन महाराज मंदिर में श्री गजानन महाराज का प्रकट उत्सव अत्यंत आनंद के साथ मनाया गया। अत्यधिक खराब मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, टीम गजानन दृढ़, एकजुट रही।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

7 और 8 फरवरी को कार्यक्रम में एक हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। सुबह से देर रात तक ठंड के बावजूद सेवा दी गई। यह सब सच्चे सेवा भाव को दर्शाता है।

सभी सेवाकारियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीमवर्क के कारण, भक्तों ने श्री गजानन महाराज की दिव्य उपस्थिति का अनुभव किया। अत्यधिक खराब मौसम में भी सफल आयोजन हुआ। टीम गजानन प्रत्येक वर्ष श्री गजानन महाराज प्रकट उत्सव का आयोजन करती है। आयोजन में शहर निवासी मोहन होनप के चाचा अनंत होनप सहित साथियों का सक्रिय सहयोग रहा।

## रजत जयंती पर कृति साहित्य महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कृति कला एवं साहित्य समिति सीपत के तत्वावधान में संस्था के 25 वीं सालगिरह पर रजत जयंती वर्ष के तहत कृति साहित्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 164 रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया एवं 10 कृतियों का विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि उद्योगपति प्रवीण झा ने कहा कि कृति कला व साहित्य परिषद से युवाओं को मंच मिल रहा है।

देवकीनंदन दीक्षित सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण झा उद्योगपति थे। अध्यक्षता डॉ. ओम माखीजा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार, मीर अली मीर वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर, डॉ. सोमनाथ यादव संस्थापक बिलासा कला मंच, पीसी लाल यादव, प्रो. डॉ. रामनारायण ध्रुव वरिष्ठ लोक कलाकार, प्रो. डॉ अमृत लाल ध्रुवंशी वरिष्ठ साहित्यकार थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंचस्थ अतिथियों के स्वागत बाद उर्वशी मिश्रा ने सरस्वती वंदना एवं कवियित्री सोमप्रभा नूर व पूर्णिमा चौधरी ने राजगीत की प्रस्तुति दी। संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष शरद यादव ने स्वागत भाषण दिया। आयोजन के अध्यक्ष डॉ ओम मखीजा ने कहा कि साहित्यकार अपनी लेखनी से समाज को एक नई दिशा देते हैं। जिससे समाज में सकारात्मक चेतना जागृत होती है। श्री मीर ने रचनाकारों की मंच में उनके प्रस्तुतिकरण की बारीकियों पर प्रकाश डाला। डॉ सोमनाथ यादव, प्रो. ध्रुवंशी, प्रो. रामनारायण ध्रुव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शशि भूषण स्नेही, बालमुकुंद श्रीवास, सोमप्रभा तिवारी, पूर्णिमा चौधरी एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष शरद यादव ने किया। निर्णायक की भूमिका में संतोष कश्यप, डॉ विश्वनाथ कश्यप एवं डॉ राजेंद्र वर्मा रहे। इस मौके पर 16 जिलों से रचनाकार उपस्थित थे।



### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में लोक कलाकारों, साहित्यकारों एवं चिकित्सकों का सम्मान किया गया। जिसमे लोक गायक नीलकमल वैष्णव, लोकगायिका शिवानी वैष्णव को कृति कला सम्मान, मनीराम साहू रायगढ़ को कृति साहित्य सम्मान, मैत्री साहित्यिक समिति छत्तीसगढ़ को 'कृति साहित्य वृंद सम्मान' एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ रजनीश पांडेय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ स्मिता कश्यप को कृति नवजीवन सम्मान, रचनाकार कविता जैन, ओमवीर करण भिलाई को कृति सारस्वत सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

### चांटीडीह, बघवा मंदिर में भरेगा मेला

शिव उपासना का पर्व महाशिवरात्रि रविवार 15 फरवरी को मनाई जाएगी। इस दिन शहर के शिवालयों में भगवान शिव की पूजा, अभिषेक कर आराधना की जाएगी। बैण्ड पार्टी वाले बाजे-गाजे के साथ मंदिर में झण्डा चढ़ाने जाएंगे। चांटीडीह व बघवा मंदिर सरकंडा में मेला भरेगा। मेला की तैयारी भव्य स्तर पर की जा रही है।

## महाशिवरात्रि पर होगी भगवान शंकर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम से शुरू होकर 16 फरवरी तक रहेगी, पर मुख्य पूजा और निशिता काल का समय 15 फरवरी को होने के कारण महाशिवरात्रि उसी दिन मनाना शास्त्र सम्मत है। इस पावन दिन पर महादेव का अभिषेक और रात्रि जागरण अत्यंत शुभ माना जाता है। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म के सबसे विशेष त्योहारों में से एक है। महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह के साथ ही उनसे जुड़ी कई अन्य महत्वपूर्ण बातों का उत्सव है। लोग इस दिन को भगवान शिव की रात कहते हैं। यह उनके दिव्य प्रेम का प्रतीक है। भगवान शिव पुरुष तो देवी पार्वती प्रकृति का प्रतिनिधित्व करती हैं। जब वे एक साथ आते हैं, तो ऊर्जा और जीवन का सृजन होता है।

### होगा कीर्तन, भजन

महाशिवरात्रि पर मंदिरों में महिलाओं एवं भजन मंडली द्वारा कीर्तन, भजन किया जाएगा। लोग भगवान शिव की भक्ति पर आधारित गीत का गायन करेंगे। कुछ स्थानों पर भगवान शिव का उत्सव मनाते हुए शिव भगवान की बारात भी निकाली जाएगी। कई शिव भक्त शिव पुराण और भगवान शिव के अन्य ग्रंथों का पाठ करेंगे।

### शिवालयों में उमड़ेगी भीड़

महाशिवरात्रि के दिन चाटीडीह, काली मंदिर, बघवा मंदिर सरकंडा, ललितेश्वर महादेव मंदिर घोंघाबाबा मंदिर परिसर सहित अन्य सभी शिवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। लोग सुबह से अपने पास के शिव मंदिरों में पहुंच कर पूजा, पाठ करने लगते हैं। पूजा, दर्शन का यह क्रम देर रात तक चलते रहेगा।

## धर्म स्थापना के लिए हुआ भगवान कृष्ण का जन्म

**बिलासपुर**। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मथुरा के कारागार में माता देवकी और पिता वासुदेव के घर हुआ था। वे देवकी की आठवे संतान थे। उनका जन्म मध्यरात्रि में कंस का अंत करने और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था।



ये बातें नया सरकंडा बरछापारा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में मंगलवार को कथावाचक पं. गौरीशंकर तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्म कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि कंस ने अपनी बहन देवकी और वासुदेव के विवाह के समय आकाशवाणी सुनी थी कि देवकी की आठवीं संतान ही कंस की मृत्यु का कारण बनेगा। इसके बाद उसने दोनों को कारागार में डाल दिया। रोहिणी नक्षत्र और बुधवार के दिन आधी रात को कृष्ण का जन्म हुआ। जन्म लेते ही विष्णु के रूप में दर्शन देने के बाद वासुदेव ने उन्हें गोकुल में नंद बाबा के घर छोड़ने का निश्चय किया। भगवान की माया से कारागार के ताले टूट गए और पहरेदार सो गए। शेषनाग ने घनघोर बारिश में वासुदेव की रक्षा की और उन्होंने यमुना पार कर कृष्ण को यशोदा मैया के पास सुरक्षित पहुंचाया। वासुदेव ने गोकुल से यशोदा की पुत्री को लेकर मथुरा आए। जिसे कंस ने मारना चाहा, लेकिन वह आकाश में अदृश्य हो गई और कंस को उसके अंत की चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म हर साल जन्माष्टमी के रूप में उत्साह से मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

स्पोर्टर्स न्यूज

## मैकेनिकल विभाग की टीम पहुंची अगले राउंड में



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंतर विभागीय रेलवे खेल महोत्सव में मैकेनिकल विभाग की टीम ने अपने मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। रेलवे के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट तत्वाधान में अंतर विभागीय खेल महोत्सव का दुधिया रोशनी में भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस खेल महोत्सव में फुटबॉल, शतरंज, वालीबॉल, बास्केटबॉल, कैरम, तैराकी, बेडमिंटन, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस खेलों का पुरूष और महिला दोनों वर्गों में आयोजन 5 से 15 फरवरी के मध्य हो रहा है। इस खेल महोत्सव में रेल कर्मचारीगण बढ-चढकर हिस्सा लिए हैं एवं इस प्रतियोगिता का भरपूर आनन्द ले रहे हैं। महिला कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित होकर इस प्रतियोगिता का आनंद ले रही हैं। खेल महोत्सव के पांचवें दिन फुटबॉल का प्रथम मैच वाणिज्य विभाग और मेकेनिकल विभाग के मध्य खेला गया। मेकेनिकल विभाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह मैच मेकेनिकल विभाग ने 4-0 के स्कोर से जीत लिया। इस मैच में मेकेनिकल विभाग के जी मधुबाबू ने 2 गोल किया। एवं इस मैच के मैन आफ द मैच बने। दूसरा मैच इलेक्ट्रिक लोको शेड एवं परिचालन विभाग के मध्य खेला गया। परिचालन विभाग ने यह मैच 5-0 से जीत लिया। इस मैच में परिचालन विभाग के पी भास्कर साई राम ने शानदार 1 गोल किया तथा मार्क फ्रांसिस ने 4 गोल किए एवं इस मैंच के मेन आफ द मैंच बने। टीम का बहुत अच्छा तालमेल होने से टीम को पूरा फायदा और सफलता प्राप्त हुआ। बुधवार की शाम 17:30 बजे से तीन मैंच खेले जाएंगें। मैच के निर्णायक एन दिनेश कुमार, एडमन सतुर, मुकेश तथा शेख सलीम के अलावा नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, सचिव सी नवीन कुमार, सह-सचिव संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष बी अनिल कुमार, सह-कोषाध्यक्ष श्रीकांत पाढी, मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह, टुर्नामेंट सचिव दीपक कुमार सुब्बा, टुर्नामेंट सह-सचिव दीपक राजा गुरुंग, आउटडोर इंचार्ज टी सम्मुख राव, इनडोर इंचार्ज डी मुरलीधर तथा लाइब्रेरी इंचार्ज श्रीराम यादव, आफिस इंचार्ज एस रघुराम, मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह परिहार सहित खिलाड़ी व रेल कर्मचारी उपस्थित रहें।

## कलर बेल्ट परीक्षा में 53 खिलाड़ियों को मिला बेल्ट सर्टिफिकेट

आल इंडिया गोजू रयु कराते डू फेडरेशन के अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक हांसी एल नागेश्वर राव 8वां ब्लैक बेल्ट होल्डर्स जापान के मार्गदर्शन व छत्तीसगढ़ गोजू रयु कराते एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय कराते कलर बेल्ट ग्रेडिंग व ट्रेनिंग का आयोजन आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में रखा गया, जिसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय कालोनी कोनी के बच्चों और आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के लगभग 71 कराते खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



अपने कौशल का प्रदर्शन कर 53 खिलाड़ियों ने कलर बेल्ट में बढ़ोतरी किया, जिसमें खिलाड़ियों को काता और कुमिते के साथ एडवांस ट्रेनिंग भी दिया गया। छत्तीसगढ़ गोजू रयु कराते एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक व एवीएम कराते कोच सेन्सई विनय गढ़ेवाल ने बताया कि इस आयोजन में 71 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें 53 कराते खिलाड़ियों ने कलर बेल्ट और सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। इसमें ब्राऊन बेल्ट में रुची देवांगन, डेविड साहू, त्रिशा हल्दर, आयुषी साहू, रितु हाज़रा, आराध्या जनास्वामी, विराज सॉर्थे, भार्गवी साहू, वेदांत साहू, ओमेश डोंगरे, दिव्यांशु खांडे, मोहम्मद ऑन खान, हर्षित सिंह चंदेल, आराध्या भारत, सौम्या विश्वकर्मा, गरिमा सोनवानी, शिवार्या सिंह, अस्मिता गढेवाल, अदिति साईशेरा, तुरन्यु नेताम, अथर्व शर्मा, प्रज्ञान साहू, चिरायु नेताम, भास्कर दीप सोनी, त्रिशा यादव, आराधना खांडे, आरुष खांडे, सौम्या सिंह, उम्मुल रोमैसा, आकार्शिका शुक्ला, हेमप्रभा कैवर्त, पल्लवी राजपूत, विवान गहरे, अभिनव सिंह, पृथिश दास, तीर्था मेनन, युवांक ध्रुव, ज़ीवा राजे पवार, छत्रपाल गढेवाल, आद्विका सिंह वर्मा, सवी पांडे, अनाया साहू, विधिग्य मिश्रा, भाव्यांश सिंह परिहार, अवनी शर्मा, जावेश कश्यप, जगेश कश्यप, अक्षत गोपाल, अश्वत टिकारिहा, शाश्वत पांडे, आशी पांडे, गीतांश पटेल, दक्ष पटेल, शांभवी श्रीवास्तव रहें। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कमांडर रिटायर्ड उदय कुमार शर्मा प्रशासनिक अधिकारी आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के हाथों बेल्ट व प्रमाण पत्र सभी कराते खिलाड़ियों को दिया गया।

आधारशिला स्कूल के चेयरमैन डॉ.अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एसके जनास्वामी, प्रिंसिपल श्रीमती जीआर मधुलिका, मुख्य खेल प्रभारी उत्तम साहू ने शुभकामनाएं दी है।

## यूथ कप हॉकी का पहला मुकाबला जीता नगर हॉकी संघ ने

युथ कप स्वर्गीय मिर्जा हसन बैग की स्मृति में राज्य स्तरीय सेवन साइड हांकी प्रतियोगिता का मंगलवार को उद्घाटन छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाजी सैयद अनवारुल कादिर, रोहित बाजपेई अध्यक्ष हॉकी बिलासपुर, अजीत मिश्रा अध्यक्ष प्रेस क्लब की गरिमामय में उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता का प्रथम मैच नगर हॉकी संघ बिलासपुर और हांकी कोरबा के मध्य खेला गया। नगर हॉकी संघ बिलासपुर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खेल के सातवें मिनट में उस्मान खान के द्वारा शानदार मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1गोल की बढ़त दिलाई, कुछ देर पश्चात बिलासपुर के ओमकार यादव ने गोल करके स्कोर 2-0 किया। नगर हॉकी संघ बिलासपुर की टीम लगातार मैच में दबदबा बनाई रखी और मैच 7-1 से जीत दर्ज की। इसमें जुबैर, हेमंत, रिक्कू, जुबैर ने गोल किया। मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जुबैर को दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान बुधवार की दोपहर 12 बजे से लगातार पांच मुकाबले खेले जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### श्रीराम चरित मानस समेलन आज से

**लोरमी।** ग्राम तेलीखाम्ही में 11 से 15 फरवरी तक अखिल भारतीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन होगा। प्रातः 8 बजे से श्रीरामचरित मानस यज्ञ, दोप. 12 बजे से संगीत भजन एवं अमरू गुरू, शोभाराम गुरू एवं प्रेमियों द्वारा मानस प्रवचन दोप.2:30 से शाम 6:30 तक चलेगा। जिसमें अलीगढ़ के संत रामकृष्ण, राघव किशोर, रचना देवी, रामदेव दास रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक ठगिया देवी-बंशीलाल साहू सहित अन्य ग्रामीण जुटे हैं।

### नगर एवं ब्लाक कांग्रेस की मशाल रैली आज

**तखतपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद होने के विरोध में नगर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा 11 फरवरी को शाम 6:30 बजे मशाल जुलूस का आयोजन किया गया है। जुलूस नया बस स्टैण्ड से होते हुए महाराणा प्रताप चौक तक जाऐगी। यह जानकारी ब्लाक अध्यक्ष अभ्यूदय तिवारी एवं नगर अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर के द्वारा दी गई।

### श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव प्रारंभ

**तखतपुर।** श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव एवं शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 10 से 16 फरवरी तक धुरी मोहल्ला में आयोजित किया गया है। जिसमें कथा व्यास पं प्रेम पाण्डेय एवं यजमान स्वाति अनिल धुरी, रजनी अशोक धुरी है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**तखतपुर।** दूपहिया वाहन चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दूपहिया वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने धारा 281, 125ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम कापादह थाना पंडरिया निवासी प्रभू साहू अपने फुफा राधेश्याम साहू के साथ दूपहिया वाहन एक्टीवा क्रमांक सीजी 28 यू 3777 निजी काम के लिए ग्राम भौराकछार जा रहा था तभी ग्राम दर्री के साथ अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे दूपहिया वाहन में बैठे राधेश्याम साहू को गंभीर चोंटे आयी।

## निधन

### चंद्रकांत गुप्ता

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी चंद्रकांत गुप्ता पिता स्व. चंद्र मोहन गुप्ता का निधन हो गया।



जिनका अंतिम संस्कार 10 फ़रवरी को मधुबन दयालबंद में किया गया। वे कृष्ण कांत गुप्ता, सूर्यकांत गुप्ता, रविकांत गुप्ता व गीता गुप्ता के भाई थे।

### चैतू सिंह ठाकुर

**तखतपुर।** नगर के गणमान्य नागरिक चैतू सिंह ठाकुर 80 वर्ष का 9 फरवरी को निधन हो गया।



इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 10 फरवरी को किया गया। वे ललित सिंह ठाकुर (बबलू) के पिता थे।

### रमा देवी मिश्रा

**मस्तूरी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. अंबिका प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती रमादेवी मिश्रा का 90 वर्ष की आयु में 10 फरवरी को निधन हो गया,



जिनका अंतिम संस्कार 11 फरवरी को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पत्रकार संतोष मिश्रा, अंजनी, धनंजय, रजनीश, रजनी बाजपेई, रतना रानू शुक्ला की मां थीं।

### संजय पटेल

**मुंगेली।** ग्राम सुरदा निवासी संजय पटेल का 50 वर्ष की उम्र में 7 फरवरी को निधन हो गया।



वे गोचंद, रामअवतार एवं रामस्वरूप के भाई व मोनिका, ज्योति, महिमा जितेन्द्र के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सुरदा में किया गया।

## क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने दी बजट की जानकारी

# केंद्रीय बजट से भारत तकनीकी रूप से होगा विकसित



बजट के बारे में जानकारी देते क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर केंद्रीय बजट पर प्रेस वार्ता करने के लिए विश्राम गृह मुंगेली में क्रेडा के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त भूपेंद्र सवन्नी ने प्रेस वार्ता ली।

श्री सवन्नी ने बताया कि पांच नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप खोली जाएगी। डाटा कंपनियों को 2047 तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। इससे भारत में निवेश की बढ़ेगा। साथ ही रोजगार भी बढ़ेगा और भारत तकनीकी रूप से विकसित होगा।

10000 युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में ट्रेन किया जाएगा। जिसे पर्यटन बढ़ेगा और रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में शिक्षा का बजट बजट केवल 39000 करोड़ था मोदी सरकार में यह बजट 139000 करोड़ हो गया. कांग्रेस सरकार में रक्षा बजट केवल ढाई लाख करोड़ था मोदी सरकार में यह बजट 7रू30 लाख करोड़ हो चुका है. कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य बजट केवल 38000 करोड़ था मोदी सरकार में एक लाख करोड़ से ज्यादा का हो चुका है.कांग्रेस सरकार में किसानों के लिए बजट 29000 करोड़ था मोदी सरकार में यह बजट 165000 करोड़ हो चुका है. कांग्रेस सरकार में रेलवे का बजट 29000 करोड़ था मोदी सरकार में रेलवे बजट 2 लाख 81000 करोड़ हो चुका है.कांग्रेस सरकार में सड़क परिवहन राज्य मंत्रालय राजमार्ग मंत्रालय के लिए 31000 करोड़ का बजट था मोदी सरकार में यह 3 लाख करोड़ हो चुका है,कांग्रेस सरकार में पूंजीगत व्यय के लिए 2 लाख करोड़ खर्च होते थे मोदी सरकार में यहां आंकड़ा 12.02 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है, कांग्रेस सरकार में राज्यों को केवल 5 लाख करोड़ रुपए की मदद प्रति वर्ष दी जा सकती थी मोदी सरकार में यह आंकड़ा 26.6 1 लाख करोड़ पहुंच चुका है, रेलवे बजट ने इस बार छत्तीसगढ़ को बजट में सात राज्यों की तुलना में अधिक बजट दिया है छत्तीसगढ़ को बजट में रेलवे विकास के लिए 7470 करोड़ मिला है जो ऐतिहासिक है। इस बजट प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रेम आर्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, रामशरण यादव, कार्यालय प्रभारी कोटू दादवानी, महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू लाल श्रीवास्तव, राजेश्वर सिंह टंडन, हरी सोनकर उपस्थित रहे।

## महिलाओं को आगे बढ़ाने में सार्थक साबित होगा केंद्रीय बजट

महिला मोर्चा द्वारा केंद्रीय बजट पर महिला संवाद कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में आयोजित हुआ। स्वागत भाषण व कार्यक्रम की जानकारी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजना दास द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के प्रभारी एवं प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अनीता डहरिया द्वारा कहा गया कि केंद्रीय बजट महिलाओं को आगे बढ़ाने, स्वरोजगार देने के लिए बहुत ही सार्थक साबित होगा। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि यह बजट देश के सर्वांगीण विकास के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में इस बजट की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है छात्राओं को पढ़ाई को प्रोत्साहन देने के लिए निःशुल्क पाठ्य सामग्री, सरस्वती साइकिल योजना वितरण योजना संचालित है जो अत्यंत लाभप्रद है। .जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने इस बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सुनीता साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सावित्री राजपूत, पुष्पा यादव, पूर्णिमा यादव आरती ध्रुव, संगीता ध्रुव, पूर्णिमा अहिरवार, अंजनी शर्मा, रेखा ठाकुर, अनीता साहू, सत्या राजपूत, विश्वासा मानिकपुरी, गायत्री ध्रुव, सरस्वती ढीमर, दुर्गा श्रीवास, रजनी साहू, हेमलता साहू, सावित्री साहू, काजल सोनी, अजीता जायसवाल, कविता राजपूत, चित्रलेखा राजपूत, रुक्मणी राजपूत, हेमलता राजपूत, गायत्री साहू, श्वेता सोनी, रितिमा लाल, गायत्री भोई आदि महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





छात्रा को पुरस्कार प्रदान करते विधायक मोहले।

## समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनें बच्चे: मोहले

**मुंगेली।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद उपलब्धियों को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। पुरस्कार वितरण के अंतर्गत शैक्षणिक उत्कृष्टता, सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद, अनुशासन तथा सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास एवं गर्व की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने महाविद्यालय के लिए एक स्मार्ट बोर्ड एवं 100 फर्नीचर देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिसने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। संपूर्ण आयोजन अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा। कॉलेज के सभी प्रोफेसर मदन लाल कश्यप, जितेन्द्र शर्मा, राजेश घोसले एवं सुरेंद्र तिग्गा, श्रीमती प्रेमा करकट्टा एवं एवं अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे।

## चार दिवसीय अमरनाथ शिव दर्शन मेला 13 से

**सीपत।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा श्रद्धा, आध्यात्मिक अनुभूति एवं जनजागरण के उद्देश्य से चार दिवसीय अमरनाथ शिव दर्शन मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हंसा पेट्रोल पंप के पास स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में 13 से 16 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 7 से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा। इस मेले में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। इस आध्यात्मिक मेले का मुख्य आकर्षण बर्फानी अमरनाथ बाबा का दिव्य एवं मनोहारी दर्शन होगा, जिसे विशेष रूप से तैयार किया गया है ताकि श्रद्धालु घर बैठे अमरनाथ धाम के दर्शन जैसी अनुभूति प्राप्त कर सकें।



## पार्षद साहू ने की अवैध भवन कालोनियों पर कार्रवाई की मांग

**मुंगेली।** नगर पालिका क्षेत्र में नियम विरुद्ध अवैध निर्माण को लेकर वार्ड पार्षद अजय साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपते हुए अवैध भवनों एवं अवैध कॉलोनियों में बनाए गए सी.सी. सड़कों और नालियों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पार्षद अजय साहू ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि नगर मुंगेली में बिना स्वीकृति के बनाए गए भवनों एवं अवैध कॉलोनियों के कारण नगर पालिका परिषद को भारी राजस्व हानि हो रही है। इसके बावजूद संबंधित मामलों में अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे नियमों की अनदेखी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। आवेदन में यह भी कहा गया है कि अवैध कॉलोनियों में बनाए गए सी.सी. रोड और नाली जैसे निर्माण कार्य न केवल शासन के नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि भविष्य में नगर नियोजन और मूलभूत सुविधाओं के लिए भी गंभीर समस्या खड़ी कर सकते हैं। पार्षद ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से आग्रह किया है कि विगत दो वर्षों में हुए सभी अवैध निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि नगर पालिका के राजस्व की रक्षा हो सके और शहर में कानून व्यवस्था बनी रहे।

## मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने अपने वर्षों पुरानी मांगों को पूरा कराने उप मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजय शर्मा व प्रशासनिक अधिकारियों से बारम्बार मुलाकात कर समस्त मनरेगा कर्मियों के नियमितिकरण, ग्राम रोजगार सहायकों के ग्रेड पे निर्धारण व तत्काल मानव संसाधन नीति लागू करने हेतु सैकड़ो बार ज्ञापन सौंपा। मनरेगा योजना में 20 वर्ष से अपनी सेवा दे रहे इन कर्मचारियों के सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा को लेकर कोई भी पहल नहीं की गई। हालांकि सरकार बनने के बाद इनकी मांगों के लिए कमेटी बनी जिसे 15 दिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट देनी थी किंतु 2 साल बाद भी इनकी मांगों के संबंध में कोई पहल नहीं कि जिससे मनरेगाकर्मी अपने आप को छला सा महसूस कर रहे हैं। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर रविवार को रायपुर में महासंघ की प्रांत स्तरीय बैठक आहुत की गई, जिसमें सर्व सम्मति से अनिश्चित कालीन हड़ताल में जाने की रणनीति बनी है। बैठक में उपस्थित सभी प्रांतीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष व सक्रिय साथियो के द्वारा लिया गया है।

## पेंशनर्स की बैठक: संगठन को लेकर चर्चा

**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ जिला इकाई की बैठक आहूत की गई। बैठक में संगठन को लेकर वृहद रूप से चर्चा हुई। बैठक में संघ को आगे बढ़ाने के साथ ही सभी पेंशनर संघों के प्रांताध्यक्ष को भी आमंत्रित कर आगामी बैठक में शामिल करने की प्रस्ताव सहित महगाई भत्ता कि मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने शीघ्र ही आगामी बैठक आयोजित कर तिथि निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।



इस अवसर पर जानकी प्रसाद शुक्ला जिलाध्यक्ष ,आरपी शर्मा संरक्षक, डीआर अवस्थी कार्यकारी अध्यक्ष ,शीतल पाटनवर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चेतन कुमार थवाईत सचिव, गौकरण प्रसाद शर्मा कोषाध्यक्ष, आरएन राजपूत, आर एल पांडेय, शिव शर्मा ,रमेश देवांगन ,जीपी सोनी ,अरविंद दाभाड़कर, प्रवेश गोरहा , शिवसिंह ठाकुर, गणेशराम यादव तहसील अध्यक्ष सीपत, आरके मिश्रा सुधीर कुमार, एसएन गुप्ता तहसील अध्यक्ष मस्तूरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## पुलिस, स्वास्थ्य एवं परिवहन विभाग के लिए कार्यशाला

**मुंगेली।** सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की निःशुल्क उपचार हेतु जारी योजना के संबंध में एवं इस योजना के त्वरित कार्यवाही के लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य, परिवहन विभाग के लिये कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता अरविंद यादव तकनीकी डायरेक्टर आईटी और सारांश नवा रायपुर रहे। जिन्होने बताया कि सड़क दुर्घटना होने उपरांत पीडितों के ईलाज के लिए त्वरित कार्यवाही ऑनलाईन एप आईरेड, इडर और टीएमएस जैसे एप को उपयोग किया जाना चाहिये। जिससे पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग से आपसी सामंजस्य से दुर्घटना में पीड़ित व्यक्तियों के त्वरित उपचार मिल सके और सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु की संख्या को कम किया जा सके। सड़क दुर्घटना में पीड़ित लोगों की उपचार हेतु केन्द्र सरकार की सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कैशलेस उपचार योजना 2025 की शुरूआत की जा रही है, जिसके तहत वित्तीय सहायता दुर्घटना के 7 दिनों के भीतर 1.50 लाख तक की निःशुल्क चिकित्सा सहायता दुर्घटना के बाद 24 घंटे के भीतर अस्पताल को सूचित करना आवश्यक है, और क्लेम की प्रतिपूर्ति मोटर वाहन दुर्घटना निधि से की जायेगी, ताकि दुर्घटना में मुत्यु की आंकड़े को कम किया जा सके। उक्त कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर, सीएमएचओ मुंगेली शीला शाहा, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त थाना, चौकी प्रभारी, जिले में संचालित प्रायवेट अस्पताल के डायरेक्टर एवं पुलिस विभाग के विवेचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार 4 फरवरी को नाबालिग ने परिजन के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी उमेश आडिल उर्फ उमेश मेहर 26 वर्ष, निवासी कॉलेज पारा ने रात के समय घर में अकेली नाबालिग को देखकर बुरी नीयत से घर में घुसकर जबरदस्ती गलत तरीके से स्पर्श किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी के निवास स्थान पर दबिश दी गई, जहां से आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 333, 74, 75(1)(1) बीएनएस एवं 8, 12 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

## सुकली में ग्राम चर्चा, राम चर्चा का आयोजन

**लोरमी।** ग्राम सुकली में संध्या कालीन आरती पूजन के पश्चात ग्राम चर्चा राम चर्चा का आयोजन किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों को हिंदू समाज और ग्राम विकास के यथोचित बिंदुओं से अवगत कराया गया। गांव में पंच परिवर्तन जैसे सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध जैसे आचरण तथा नशामुक्त, भेदभाव मुक्त, ऋण मुक्त, अपराध मुक्त, संस्कार युक्त परिवार व्यवस्था, शत प्रतिशत साक्षरता जैसे बिंदुओं को लेकर बातचीत किए गए।

गांवों में मासिक भारत माता की आरती, साप्ताहिक हनुमान चालीसा, कीर्तन, भजन, गोष्ठी, चौका, आरती, प्रभात फेरी, जन जागरूकता रैली जैसे कार्य करते रहने का संकल्प लिया गया।



परिणाम निकलने तक यह कार्य संपादित करते रहने का आह्वान युवाओं से किया गया है। समाज जीवन के विभिन्न सांस्कृतिक धार्मिक विषयों को लेकर काम करने वाले संगठन जैसे गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि परिवार साथ ही साथ सामाजिक रूप से संगठित संस्थाएं भी एक साथ मिलकर अपने-अपने निचले इकाइयों में इस प्रकार के कार्यक्रम करेंगे और संगठित प्रयास करेंगे तो परिणाम जल्दी ही निकल आएगा। बुजुर्ग, महिलाएं, युवाओं की सक्रिय सहभागिता इस अभियान को संबल दे रही है। इस अवसर पर तेलियापुरान, मसनी मसना, ठरकपुर, कोतरी, पैजनिया, नवलपुर, हड़गांव, पीपरखूँटी, बैगाकापा, देवरहट, झाफल, लोरमी, झझपुरी, रामहेपुर, सहसपुर, बोड़तरा लगरा सहित विभिन्न गांव में ग्राम चर्चा राम चर्चा का आयोजन हुआ।

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक /क/अति.तह./ वा./20
बिलासपुर, दिनांक 09/02/26

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तोरवा प.ह.नं....रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सेन्डरा स्टीफल पिता/पति एम.ए.सी.स्टीफल निवासी ग्राम तोरवा धान मंडी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा प.ह.नं..... मौजा तोरवा स्थित भूमि ख.नं. 694/6, 698/9 रकबा 1050 एकड़ /हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू.राजस्व-संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण /फौती नामांतरण /क्रय विक्रय /दान पत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 23/02/26 समय 11.00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय रा.नि.म. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग)**
**सूचना पत्र**

सीमांकन/मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु प्रति, 1 चर्तुगुण सिंह पिता पंचकोण बोदरी 2 अध्यक्ष, संयून्व खदान मजदूर संघ (एटक) मारवाडी कम्यूनिस्ट पार्टी
विषयः सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।
संदर्भ भवदीय न्याया तह के ज्ञा.क्र. 13/वा तह बोदरी /25 बोदरी दिनांक 28/10/25

उक्त विष्यान्तर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका चतुगुण सिंह पिता/पति निवासी बोदरी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी म.न. 1 प.ह.न. 01 रा.नि.म. व तहसील बोदरी स्थित भुमि ख.नं. 764/1 रकबा 0.081 भुमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतू छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतू प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 26.02.2026 को 12 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें। टीपः- उपरोक्त सीमांकन/ मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि. बोदरी तहसील बोदरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एल.आई.जी. (दीनदयाल आवास योजना) सैदा (सकरी) बिलासपुर में निर्मित LIG भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 214, मूल आबंटी श्रीमति ममता द्विवेदी पति श्री रामकिशोर द्विवेदी, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.02.2014 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री पंकज सोनी पिता श्री मन्नू सोनी को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन को विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास सैदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी - 215, आबंटी श्री सौरव कुमार द्विवेदी पिता श्री रामकिशोर द्विवेदी को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 14.02.2014 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को क्रेता श्रीमती कांति बाई पति श्री अशोक कुमार, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/क/अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 30/1/2026
रा.प्र.क्र..../अ-6/2025-26
ग्राम-दोमुहानी, प.ह.नं.-43

एतद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम दोमुहानी, प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा दोमुहानी, प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 139/16 रकबा 0.0200 हेक्टेयर को आवेदिका श्रीमती कुमारी बाई यादव पति स्व. श्री संतु यादव निवासी अपोलो रोड राम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार के फौत होने के आधार पर विधिक वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 23/2/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/1/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अनिल कुमार जायसवाल उम्र 51 साल पिता स्व. श्री प्यारेलाल जायसवाल निवासी वार्ड क्रमांक 07, तखतपुर मक्कड़ काम्प्लेक्स के पीछे नगरपालिका तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि-

1. यह कि भारत सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट पर मेरा नाम अनिल कुमार जायसवाल पिता प्यारेलाल अंकित है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड पेन कार्ड वाहन चालक लायसेंस शैक्षणिक अंकसूची दाखिला खारिज पंजी आदि कागजातों पर मेरा नाम अनिल कुमार जायसवाल पिता प्यारेलाल जायसवाल अंकित है।
3. यह कि अनिल कुमार जायसवाल पिता प्यारेलाल एवं अनिल कुमार जायसवाल पिता प्यारेलाल जायसवाल दोनों नाम मेरा ही है।
4. यह कि मेरे अन्य कागजात एवं पासपोर्ट में पिता का नाम में भिन्नता होने के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।
5. यह कि उक्त शपथपत्र मेरे पासपोर्ट में दर्ज पिता का नाम प्यारेलाल को सुधार करते करते हुए प्यारेलाल जायसवाल लिखे जाने हेतु प्यारेलाल एवं प्यारेलाल जायसवाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति होने के संबंध में शपथपत्र निष्पादित कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**अनिल कुमार जायसवाल**

---

**NAME CHANGE**

I, Anil Kumar Russell, age 51 years, father late Shri Pyarelal Jaiswal resident Ward No. 07, behind Takhatpur Makkad Complex, Takhatpur District Bilaspur Chhattisgarh, state that the following statement that-

1. That my name in the passport issued by the Government of India is Anil Kumar Jaiswal, son of Pyarelal.
2. That my name is Anil Kumar Jaiswal, son of Pyarelal Jaiswal, mentioned on my Aadhar Card, PAN Card, Driving License, Educational Marksheet, Admission Rejection Register etc. documents.
3. That both the names Anil Kumar Jaiswal, son of Pyarelal, and Anil Kumar Jaiswal, son of Pyarelal Jaiswal, are mine.
4. That I am facing difficulties due to the difference in my father's name in my other documents and passport.
5. That I am executing the above affidavit to correct the name of my father as Pyarelal in my passport to Pyarelal Jaiswal and to state that both the names Pyarelal and Pyarelal Jaiswal are the same person.

**Deponent**
**Anil Kumar Jaiswal**

---

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं अर्हत बघेल उम्र 18 वर्ष पिता श्री चन्द्रशेखर बघेल निवासी म.नं. 42, वार्ड नं. 21, गुरूघासीदास नगर, राजीव गांधी गौक के पास, जरहाभाठा, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरे पिताजी का वास्तविक नाम चन्द्रशेखर बघेल (CHANDRASHEKHAR BAGHEL) है।
2. यह कि मेरे कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरे पिताजी का नाम त्रुटिवश चन्द्र शेखर (CHANDRA SHEKHAR) दर्ज हो गया है।
3. यह कि मेरे अन्य शैक्षणिक अंकसूची एवं आधार कार्ड नंबर 4773 3483 7834 में मेरे पिताजी का वास्तविक नाम चन्द्रशेखर बघेल (CHANDRA SHEKHAR BAGHEL) दर्ज है जो कि सही व सत्य है।
4. यह कि चन्द्रशेखर बघेल (CHANDRA SHEKHAR BAGHEL) एवं चन्द्र शेखर (CHANDRA SHEKHAR) दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिताजी का ही नाम है किसी अन्य का नाम नहीं है। अतः यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**अर्हत बघेल**

**सत्यापन**

मैं अर्हत बघेल उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक लिखी गई समस्त बातें मेरी जानकारी में सत्य व सही है। जिसे आज दिनांक 10.02.2026 को बिलासपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**अर्हत बघेल**

---

**Before a Notary, Civil District, Bilaspur (Chhattisgarh)**
**Affidavit**

I, Arhat Baghel, age 18, son of Shri Chandrashekhar Baghel, resident of House No. 42, Ward No. 21, Guru Ghasidas Nagar, near Rajiv Gandhi Chowk, Jarhabhata, Bilaspur Tehsil and District, Bilaspur (Chhattisgarh), hereby solemnly declare: 1. That my father's real name is Chandrashekhar Baghel. 2. That my father's name has been mistakenly recorded as Chandra Shekhar (CHANDRA SHEKHAR) in my Class 10th marksheet. 3. That my father's real name is Chandrashekhar Baghel (CHANDRASHEKHAR BAGHEL) in my other educational marksheets and Aadhaar card number 4773 3483 7834, which is correct and true. 4. That both the names Chandrashekhar Baghel and Chandra Shekhar are the same person, that is, my father's name, and not anyone else's. Therefore, I submit this affidavit in support of the above statement.

**Affidavit**
**Arhat Baghel**
**Verification**

I, Arhat Baghel, the aforementioned affiant, hereby certify that all the statements in clauses 1 through 4 of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge. I have verified this with my signature at Bilaspur on 10.02.2026.

**Affiant**
**Arhat Baghel**

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### पार्षद ने किया सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद संजय निर्मलकर ने 39 लाख रूपए के सीसी रोड निर्माण के भूमिपूजन किया। नारियल फोड़कर कार्य प्रारंभ किया गया। संजय निर्मलकर ने कहा कि बरेला को नगर पंचायत का दर्जा अभी मिला है। नगर पंचायत बरेला के विकास में सतत प्रयास करते रहे मूलभुत सुविधाएं पानी, सड़क, स्वास्थ्य होती है और इन सभी सुविधाओं को जनता तक पहुंचाना हमारी जवाबदारी है। इस अवसर पर अघनू पटेल, प्रमोद पटेल, आकाश निर्मलकर, परदेशी साहू, गुहरा साहू, गजानंद सोनकर, सूरज पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कुकदा में अखंड नवधा रामायण प्रारंभ

**खम्हरिया।** ग्राम कुकदा के पटेल धर्मशाला में नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को अखंड नवधा रामायण का आयोजन कलश यात्रा से आरंभ हुआ। कलश यात्रा पटेल धर्मशाला से मातेश्वरी चौक कुकदा तक निकाली गई जिसमें बच्ची एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा दिया। आचार्य जय नारायण पांडेय मुख्य यजमान हेमंत पटेल- बृहस्पति बाई पटेल के मार्गदर्शन में भगवान की स्थापना की गई। इसके बाद नवधा रामायण का आरंभ हुआ। यह 9 से 18 फरवरी चलेगा। प्रतियोगिता 19 फरवरी को होगी। यह आयोजन समस्त ग्राम वासियों द्वारा किया जा रहा है। नवधा रामायण के समिति संरक्षक अजय पांडेय जितेंद्र सरपंच दीपक पाटनवर सदस्य प्रेम पटेल बसंत जायसवाल ब्यास पटेल सुंदरलाल पटेल नदलाल पटेल विक्रम कैवर्त संतोष पटनाऱ रामलाल पाटनवर गांव के श्रद्धालु भगवान राम की कथा की सेवा में जुटे हुए हैं।

### कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष बने रामेश्वर

**मस्तूरी।** कांग्रेस सेवादल के पूर्व मस्तूरी ब्लॉक संगठक



बेलटूकरी निवासी रामेश्वर साहू को पार्टी के प्रति समर्पित निष्ठा भाव को देखते हुए जिला मुख्य संगठक बिलासपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस सेवादल (जिलाध्यक्ष) के पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी देसाई व अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी राजकुमारी रघुवंशी की सहमति से प्रदेश मुख्य संगठक (अध्यक्ष) अरुण ताम्रकार ने की है।

### 3 फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार न्यायालय में किए गए पेश



**पथरिया।** फरार स्थायी वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पथरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वर्षों से फरार चल रहे 3 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मुंगेली में पेश किया है। पुलिस के अनुसार आबकारी एक्ट के आरोपी रामप्रसाद पिता आत्माराम (44 वर्ष), निवासी गंधीरवाडीह, विजय कुर्रे उर्फ सल्ली पिता शांतिलाल कुर्रे (36 वर्ष), निवासी सोढार तथा आरोपी ज्ञानदास पिता गुलाबदास (54 वर्ष), निवासी पेड्री सहस, थाना सरगांव लंबे समय से फरार थे। पुलिस को सूचना मिली कि तीनों आरोपी अपने-अपने सकुनत में छिपकर रह रहे हैं। सूचना के आधार पर 10 फरवरी को पथरिया पुलिस ने दबिश देकर तीनों फरार स्थायी वारंटियों को हिरासत में लिया और वारंट तामील कराते हुए माननीय न्यायालय मुंगेली में प्रस्तुत किया है।

### खेलवृत्ति के लिए आवेदन 16 तक

**मुंगेली।** क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत खेल प्रतिभाओं को खेलवृत्ति प्रदान करने हेतु खेलवृत्ति वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन 16 फरवरी तक आमंत्रित किए गए हैं। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रतिमा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड तथा नेशनल गेम्स में शामिल खेलों की राष्ट्रीय खेल एवं राष्ट्रीय चौंपियनशिप में सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेलवृत्ति का लाभ मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी कक्ष क्रमांक 241 के साथ ही आवेदन पत्र के प्रारूप सहित अन्य जानकारी के लिए का अवलोकन कर सकते हैं।

### रिस्दा में महायज्ञ व कथा महोत्सव आज से

**मस्तूरी।** विश्व कल्याण व राष्ट्र उत्थान के निमित्त के लिए समीपस्थ ग्राम रिस्दा में 21 कुण्डात्मक श्री शिवशक्ति महायज्ञ व संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण कथा महोत्सव का आयोजन 11 से 17 फरवरी तक आयोजित है। जूना अखाड़ा वृंदावन के स्वामी योगी सत्यानंद गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस आयोजन का शुभारंभ बुधवार को कुटिघाट के हनुमान धारा से जल भरकर कलशयात्रा के साथ होगी।

# जीपीएम जिले को 100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात







सामूहिक कन्या विवाह में शामिल होकर सीएम ने 300 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**अरपा महोत्सव 2026 में मुख्यमंत्री हुए शामिल**

मरवाही में उच्च विश्राम गृह, समुदलई पर्यटन क्षेत्र में स्टॉप डैम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को जिले के छठवें स्थापना दिवस पर आयोजित अरपा महोत्सव में शामिल होने मल्टीपरपज स्कूल खेल मैदान पहुंचे। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर 300 जोड़ों को शुभाशीष एवं आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले में विकास को नई गति देते हुए 100 करोड़ 38 लाख रुपये से अधिक की लागत के कुल 113 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 16 करोड़ 90 लाख रुपये के 7 कार्यों का लोकार्पण तथा 83 करोड़ 47 लाख रुपये के 106 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 19 विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए 25 स्टालों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए। मुख्य मंच पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ी राजगीत के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने अरपा महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 100 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन जिले के समन्वित विकास को गति देगा। उन्होंने बताया कि पेंड्रारोड से अमरकंटक तक 19 किलोमीटर सड़क निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी तथा केवची मार्ग के निर्माण से पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बेटियों के सम्मान और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योजना है।

### 18 करोड़ के जिला अस्पताल भवन निर्माण का शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला अस्पताल के नवीन भवन के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 100 बिस्तर युक्त आधुनिक जिला अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की निर्माण एजेंसी सीजीएमएसी द्वारा निर्मित किया जाएगा। इसके निर्माण से जिले के नागरिकों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्री प्रणव मरपच्ची ने की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध राज्य की मजबूत नींव होता है। जीपीएम जिले में नए अस्पताल भवन का निर्माण स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त और बाल विवाह मुक्त पंचायतें इस बात का प्रमाण हैं कि जब शासन और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तो बड़े सामाजिक परिवर्तन संभव होते हैं। छत्तीसगढ़ को रोगमुक्त, सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जिले की 52 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त एवं 71 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया। इस अवसर पर संबंधित पंचायतों के सरपंचों को प्रशस्ति पत्र एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि बाल विवाह मुक्त घोषित पंचायतों में पिछले दो वर्षों से एक भी बाल विवाह का प्रकरण सामने नहीं आया है, वहीं टीबी मुक्त पंचायतों में पिछले दो से तीन वर्षों से कोई नया मामला दर्ज नहीं हुआ है। यह उपलब्धि जन-जागरूकता, स्वास्थ्य विभाग और पंचायतों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

### हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्तः सीएम

मुख्यमंत्री साय ने मीडिया से बात करते हुए कहा भ्रष्टाचार के मामलों में कई लोग जेल में हैं, कई जमानत पर हैं और कई जेल जाने की तैयारी में हैं। हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त है, इसे जड़ से मिटाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही चुनावी हार से कांग्रेस की मानसिक स्थिति खराब हो गई है। वहीं, स्थानीय मुद्दों पर बात करते हुए सीएम ने पेंड्रा बाईपास के निर्माण में हो रही देरी की वजह स्पष्ट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाईपास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है, बाधा सिर्फ जमीन अधिग्रहण को लेकर है जिसे जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। अरपा नदी के महत्व को बताते करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की वंदना जिस अरपा से शुरू होती है, उसके संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए सरकार ठोस कदम उठाएगी।

### विधायक ने सौंपा मांगपत्र

अरपा महोत्सव की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय विधायक श्री प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि आदिवासी बहुल जिले के रूप में इस जिले की पहचान है। जिले में विकास की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने स्थानीय जनता की ओर से मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव एवं विधायक धरसींवा अनुज शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने पिछले दो साल में हुए जिले के विकास की प्रमुख गतिविधियों की ओर मुख्यमंत्री एवं सभा का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, जिले के प्रभारी सचिव अब्दुल कैशर हक, आईजी दीपक झा, एसपी मनोज खिलारी, डीएफओ ग्रीष्मी चांद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा राकेश जालान, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गौरेला मुकेश दुबे, अध्यक्ष नगर पंचायत मरवाही मधु बाबा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष पेण्ड्रा हेम कुंवर श्याम, अध्यक्ष जनपद पंचायत गौरेला शिवनाथ बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत मरवाही जानकी कुशरो सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में जिले वासी आमजन मौजूद रहे।

## एसडीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं

**मुंगेली।** जनदर्शन में एसडीएम रेखा चंद्रा ने आमजनों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। जनदर्शन के दौरान कुल 90 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्जवला योजना, सौर सुजला योजना, विद्युत कनेक्शन, आधार कार्ड, भूमि से संबंधित दस्तावेज, तथा जल जीवन मिशन से जुड़ी मांगें प्रमुख रहीं। जनदर्शन में ग्राम पालचुवा की नंदरानी ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर प्रदान करने, ग्राम कोलहाडीह की सावित्री बाई बारमते ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण कराने, तथा ग्राम पतालकुंडी की कौशिल्या घृतलहरे ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसी प्रकार ग्राम कौहाबांधा के देवीलाल ने सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पैनल स्थापित कराने, ग्राम पतालकुंडी के विनोद टंडन ने अपनी भूमि की नई पर्ची बनवाने, ग्राम लालपुर के देवानंद सोनवानी ने आधार कार्ड बनवाने, ग्राम चलान के लालजी गुप्ता ने स्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा ग्राम केशलीखुर्द के नरोत्तम यादव ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम श्रीमती रेखा चंद्रा ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई एवं निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जनदर्शन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष भानु ने की प्रियंका गांधी से मुलाक़ात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आज देशभर के जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (डीडीसी) अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला गौरेला–पेंड्रा–मरवाही की डीडीसी अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष गज़मती भानु ने कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा से सौजन्य मुलाक़ात की।

- इंदिरा भवन में डीडीसी अध्यक्षों की अहम बैठक

बैठक के दौरान डीडीसी अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों से जुड़े विकास कार्यों, केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी स्थिति, मनरेगा, आदिवासी क्षेत्रों की समस्याएं, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। गज़मती भानु ने जिले की प्रमुख समस्याओं को सामने रखते हुए विशेष रूप से आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, बुनियादी सुविधाओं की कमी तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं से प्रियंका गांधी



को अवगत कराया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सभी डीडीसी अध्यक्षों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर की समस्याओं को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण भारत, आदिवासी समाज और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर गज़मती भानु ने कहा कि यह मुलाक़ात जिले की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर रही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में जनहित से जुड़े मुद्दों को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

## कलेक्टर ने दाबो स्कूल में जाकर बच्चों को खिलाई फाइलेरिया की दवा

**मुंगेली।** देश को 2030 तक फाइलेरिया (हाथी पांव) जैसी गंभीर बीमारी मुक्त बनाने के उद्देश्य से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



अभियान अंतर्गत 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी नागरिकों को डीईसी., एल्बेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन दवा का संयुक्त रूप से सेवन कराया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो पहुंचकर विद्यार्थियों को दवा सेवन कराया। उन्होंने बच्चों को 90 प्लस शिक्षा गुणवत्ता अभियान की जानकारी देते हुए बेहतर पढ़ाई कर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय भी मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के शिक्षक, विद्यार्थी सहित 300 से अधिक लोगों ने डी.ई.सी., एल्बेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन की दवा सेवन किया। जिले में आज 01 लाख 06 हजार 300 से अधिक लोगों को दवा सेवन कराया गया। उन्होने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड में 660 बूथ, लोरमी विकासखण्ड में 560 बूथ और पथरिया विकासखण्ड में 400 बूथ सहित कुल 01 हजार 620 बूथ बनाए गए हैं। जिले में 01 हजार 790 दल के 03 हजार 580 से अधिक सदस्यों द्वारा दवा सेवन कराया जा रहा है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि जिले में 08 लाख 51 हजार 895 से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा स्कूलों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ियों आदि शैक्षणिक संस्थानों में 12 फरवरी तक दवा सेवन कराया जाएगा। इसी तरह द्वितीय चरण में 13 से 22 फरवरी तक घर-घर जाकर तथा 23 से 25 फरवरी तक छूटे हुए लोगों को मापअप राउंड अंतर्गत दवा सेवन कराया जाएगा।

## एलुमनी मीट से मूल संस्था से जुड़े रहते हैं पूर्व छात्र

**तखतपुर।** जेएमपी हाई स्कूल में प्रथम एलुमनी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रविकांत दुबे ने कहा कि एलुमनी सम्मेलन से पूर्व छात्र अपनी मूल संस्था से जुड़े रहते हैं, जिससे समाज को लाभ होता है।



पीएमश्री सेजेज जेएमपी उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रथम एलुमनी सम्मेलन आयोजित किया गया। इस विद्यालय में बीते वर्षों में अध्ययनरत रहे छात्रों द्वारा उद्बोधन दिया गया। कविता -पाठ एवं गीतो ने समा बांधा। सभी ने अपने समय के शालेय अनुभव साझा किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र एलुमनी सरदार बृजपाल सिंह हूरा, नईम भाई, सरदार हरविंदर सिंग, दिलीप तोलानी, आतम जीत सिंह मक्कड़, डा विनोद डडसेना, सत्येन्द्र जायसवाल, हरचरण सिंग हुरा डॉजी, सरदार मंजीत सिंह चंचल, अतुल केशरवानी, बांके बिहारी दुबे, रमेश कुमार प्रधान, नरेश कुमार साहू, प्रभुदास नत्थानी, रविन्द्र सिंह हूरा, राज अभिषेक हनी पाण्डेय, जगदीश जायसवाल, हर प्रसाद मिश्रा, राजेश सोनी, चन्द्र शेखर पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र देवगन, धीरेन्द्र सिंह क्षत्रीय, हूप सिंह क्षत्रीय, संजय सोनी, श्रीकान्त मिश्र, संजय ठाकुर, चन्द्रभूषण देवगन, आबिद अंसारी, सुजीत कश्यप, महेश दत्त पाठक, विकास गुप्ता, अरविंद जायसवाल, पीयूष शिवहरे, खुशबू भुंजूआ, ओशाई साम, श्रेया पाण्डेय, नेहा कौशिक, भानू प्रताप साहू, कुशल धुरी, भूपेश वैष्णव को शाला के एसएमडीसी के अध्यक्ष सकेत सामुएल, सदस्य लव कुमार पाण्डेय, शाला के प्राचार्य रवि कांत दुबे, डीएच कुंजाम ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीकांत मिश्र ने किया। इस अवसर पर पंकज सिंह आकाश शर्मा, महेश दत्त पाठक, मनीष मिश्रा, हुमा सिद्दिकी, निधि तिवारी, श्वेता पाण्डेय, रीता सिंह, नेहा सिंह आदि स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

### सहकारी बैंक से किया जा रहा किसानों को भुगतान

**मस्तूरी।** सरकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को स्थानीय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से भुगतान करने के लिए समिति के अनुसार अलग-अलग दिन निर्धारित किया गया है। उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वंम ब्रांच मैनेजर सुशील पैनोरे भुगतान करने लगते हैं। किसानो को भी अपनी जमा राशि निकासी करने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। दरअसल यहां इस केंद्रीय सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर सुशील पैनोरे ने व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त किया है, बढ़ती भीड़ को काबू करने के लिए स्वयं भुगतान काउंटर लगाकर बैठ जाते हैं जिसके चलते भुगतान प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। सुविधाजनक व्यवस्थाएं जिनसे किसानों को मिली राहतः पर्याप्त नकदी उपलब्धता बैंक में कैश की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। जिससे किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार पूरी राशि का भुगतान एक ही बार में हो रहा है निकासी सीमा को लेकर अब कोई समस्या नहीं है।



### बच्चों को दी गई हाथी पांव से बचने की दवा

**लोरमी।** सेमरसल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में सुपरवाइजर और मितानिनों की टीम ने 101 लाभार्थियों को डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोलियों का सेवन कराया। शिक्षक राजकुमार कश्यप ने बताया कि फाइलेरिया रोग मच्छरों के काटने से फैलता है। आरएमए डॉक्टर बलराम चंद्राकर ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपने सेमरसल सहित आसपास को फाइलेरिया मुक्त बनाना बताया। इस अवसर पर प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, उमाशंकर सिंह, पुष्पा चतुर्वेदी ने बच्चों को जागरूक करने के लिए स्वयं फाइलेरिया की दवा का सेवन किया। बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूकता फैलाने वाले शिक्षाप्रद वीडियो भी दिखाएं ताकि भविष्य में भी बच्चों के अंदर इसके प्रति सतर्कता का विकास हो। ग्राम पंचायत की मितानिन सहित स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बच्चों को दवा का सेवन कराया गया।



## एनटीपीसी संस्कृति क्लब के खिलाड़ियों ने बिलासपुर में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

खेल नगरी के रूप में पहचान बना रहे सीपत ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 30 जनवरी से 1 फरवरी तक बिलासपुर के बी.आर. यादव इंडोर स्टेडियम, बहतराई में आयोजित छठवीं राज्य स्तरीय स्वर्ण कप आमंत्रण ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एनटीपीसी संस्कृति क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी।

यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ, बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फ्रेशर, सब जूनियर, केडेट,



जूनियर और सीनियर वर्गों में बालक-बालिका खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेता (गोल्ड मेडलिस्ट) अनिशा साहू, नंदिका क्षत्रिय, अर्शिता ताम्रकार, योमिता दीवान, इनाया यादव, काव्या कुमारी, अनन्या रमन, भव्य वस्त्रकार, रक्षित साहू, दिव्येश पटेल, आहान कुमार, कलश केवट, अव्यांश सिंह है। रजत पदक विजेता (सिल्वर मेडलिस्ट) अलिशा सिंह, क्वीनसी प्रिया, श्रेया साहू, पूर्वी दीवान, अनायसा घोषाल, याशिका शर्मा, शिवांग सिंह, कीर्ति राज, त्रिविध शर्मा, अक्षज गुप्ता, देव अव्यां, आर. हरीश, विहान दोनतमशेट्टी, विवेक दोनतमशेट् है। कांस्य पदक विजेता (ब्रॉन्ज मेडलिस्ट) आर. महती है। अंतरराष्ट्रीय कोच एवं राष्ट्रीय रेफरी मास्टर प्रदीप कुमार यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि सीपत के खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीक और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। संस्कृति क्लब के महासचिव सुनील भोई, ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रीतम सिंह, खेल सचिव आशीष गुप्ता, संतोष निर्मलकर, सुरेश धृतलहरे, शिवपूजन यादव, ललित साहू, प्यारेलाल, देवकुमारी, संजय कुमार, चैलेंजर सिंह, रामकृष्ण ताम्रकार, आजाद कुमार, इतवारी केवट सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है।

### फाइलेरिया से बचाव के लिए लोगों को किया प्रेरित

**तखतपुर।** फाइलेरिया बीमारी की गंभीरता को देखते हुए इस बीमारी से आम जनमानस को कैसे बचाया जाए क्या सावधानी अपने आसपास रखनी है सभी मरीजों को प्रचार प्रसार के माध्यम से बताने हेतु प्रेरित किया गया। और फाइलेरिया से तखतपुर के मरीजों को मुक्त रखने हेतु सभी स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में



फाईलेरिया की दवा पीलायी गई। इससे बचने का एक मात्र उपाय है की लोगो में जागरूक और प्रति छः माह में प्रोफिलाइक्सिस दवाई के रूप में एक गोली अल्बेंडाजोल और दो गोली डी ई सी की सभी सामान्य मरीजों को खिलाई जाए। इस अवसर पर पार्षद परमजीत लवली हूरा, सुनील जांगड़े, कैलाश देवांगन ने आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**बिलासपुर।** चलती ट्रेन से गिरकर एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि तखतपुर राजपुर केकती निवासी जुगरी बाई पति पुरुषोत्तम साहू 55 साल 9 फरवरी को बेलगहना मेला घूमने गई थी। मेला घूमने के बाद रात में ट्रेन से दरवाजा के पास खड़े होकर लौट रही थी। कलमीटार व नरौतीकांपा के बीच चलती ट्रेन से गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### घरवाले सोते रहे चोर ले उड़े जेवर

**बिलासपुर।** घरवाले सोते रहे और चोर घर में घुसकर जेवर चोरी कर भाग गए। पुलिस चोरों के तलाश में जुट गई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार छतौना इंदु इमेजिका फेस 2 निवासी साहिल राज सिंह पिता यशवंत सिंह के माता पिता 9 फरवरी को रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने बिहार चले गए। अकेले होने के कारण उन्होंने अपने दोस्त नकुल अग्रवाल, लक्की बर्मन को अपने घर सोने के लिए बुला लिया था। रात 1 बजे तक मोबाइल चलाने के बाद तीनों सो गए। रात 3.30 बजे प्यास लगने पर श्री सिंह पानी पीने के लिए उठे तो मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और बेडरूम की आलमारी से 4 जोड़ी पायल, 12 चांदी का सिक्का, 1 चेन व 8 हजार रुपए नकद चोरी हो गए थे। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नीट यूजी : फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**बिलासपुर।** नीट यूजी 2026 की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उम्मीदवार आठ मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। दस से 12 मार्च तक आवेदनकर्ताओं को फॉर्म में हुई गलतियों को सुधारने का अवसर मिलेगा। परीक्षा तीन मई को होगी। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। परीक्षा अंग्रेजी व हिंदी के साथ कुल 13 भाषा में आयोजित की जाएगी। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1700 रुपए रखा गया है। ईडब्ल्यूएस और ओबीसी - एनसीएल के लिए 1600 और एससी, एसटी, निशक्तजन और थर्ड जेंडर के लिए फॉर्म फीस 1000 रुपए रखी गई है। इस साल नीट यूजी के फॉर्म फिलिंग में एनटीए ने तीन बड़े बदलाव किए हैं। नीट में इस साल से ईकेवाईसी जोड़ा है। इससे डमी कैंडिडेट्स पर रोक लगेगी।

### वेटिंग के 26 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा में प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती के लिए तीन साल पहले शुरू हुई प्रक्रिया के तहत अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। मेरिट सूची के अभ्यर्थियों में से 28 अभ्यर्थी काउंसलिंग में शामिल नहीं हुए। इनके स्थान पर वेटिंग के 26 अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की गई है। यह सूची छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन के आधार पर तैयार की गई है। बता दें कि पूर्व में चयनित 251 अभ्यर्थियों में से कुछ अभ्यर्थियों ने लिखित पद त्याग कर दिया, कुछ काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे। इसके अलावा कुछ अभ्यर्थियों ने नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद भी ज्वाइन नहीं किया। इसकी वजह से प्रयोगशाला तकनीशियन के 28 पद रिक्त थे। इन्हीं रिक्त पदों के विरुद्ध प्रतीक्षा सूची से पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की शासकीय महाविद्यालयों में पदस्थापना की जाएगी।

**उच्च शिक्षा विभाग ने डेढ़ साल पहले किया था गवर्नमेंट कालेजों का चयन** | **बिलासपुर के भी चार गवर्नमेंट कालेज को मिलना था स्वशासी का दर्जा**

# प्रदेश के 50 गवर्नमेंट कालेजों को आटोनामस बनाने की योजना ठंडे बस्ते में

**बिलासपुर।** आटोनामस बनाने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के 50 गवर्नमेंट कालेजों का चयन भी आटोनामस के लिए किया गया था, जिसमें बिलासपुर के भी चार गवर्नमेंट कालेज शामिल थे। लेकिन शुरुआती तैयारी बैठकों के बाद मामला आगे ही नहीं बढ़ पाया है।

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के कुछ चुनिंदा गवर्नमेंट कालेजों को आटोनामस बनाने की प्लानिंग की थी। इसके लिए सर्वे कराकर पूरे छत्तीसगढ़ से 50 गवर्नमेंट कालेजों का चयन किया था। इसमें लगभग प्रदेश के सभी जिलों के अच्छे गवर्नमेंट कालेजों को शामिल किया गया था। इसमें बिलासपुर जिले से गवर्नमेंट जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर जरहाभाठा कालेज, गवर्नमेंट माता शबरी नवीन गर्ल्स कालेज, अग्रसेन बिल्हा कालेज व मदनलाल शुक्ल कालेज सीपत का भी चयन किया गया था। असल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा के तहत धीरे-धीरे कॉलेजों को आटोनामस प्रदान करने की योजना थी। उच्च शिक्षा विभाग इस दिशा में करीब डेढ़ साल पहले प्लानिंग की थी। विभाग का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में ज्यादा से ज्यादा आटोनामस कॉलेजों की संख्या बढ़ाना था। इसके लिए चयनित कालेजों के प्राचार्यो को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बुलवाया गया था और तैयारी तथा मानदंडों के संबंध में जानकारी दी गई थी। लेकिन उसके बाद से न तो इस संबंध में कालेजों की कोई मिंटिंग हुई और न ही चयनित कालेजों में कोई तैयारी शुरू हो पाई है।

### आठ गवर्नमेंट व दो प्राईवेट कालेज हैं आटोनामस

राज्य में वर्तमान में 8 गवर्नमेंट कॉलेजों व 2 प्राईवेट कालेजों को आटोनामस का दर्जा प्राप्त है। इनमें बिलासपुर के दो गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं साइंस कॉलेज एवं डीपी विप्र प्राईवेट कालेज और पामगढ़ के चैतन्य प्राईवेट कालेज हैं। इसी तरह रायपुर के तीन गवर्नमेंट कॉलेज छत्तीसगढ़ कॉलेज, गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं साइंस कॉलेज, अंबिकापुर के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, दुर्ग के साइंस कॉलेज और राजनांदगांव के दिग्विजय कॉलेज शामिल हैं।

### आटोनामस से बढ़ता है एकेडमिक पावर

आटोनामस कॉलेज अपने आप में पावरफुल होते हैं और सामान्य कॉलेजों की तुलना में इनके पास अधिकार अधिक होते हैं। खासकर एकेडमिक पावर आटोनामस कॉलेजों के पास बढ़ जाता है। सामान्य कॉलेजों की परीक्षा यूनिवर्सिटी कराती है और रिजल्ट मार्कशीट यूनिवर्सिटी जारी करती है। दूसरी तरफ आटोनामस कॉलेज अपने संस्थान में स्वयं परीक्षा कराते हैं और परीक्षा परिणाम भी स्वयं ही जारी करते हैं। आटोनामस कालेजों के पास सिलेबस में क्षेत्र की आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने और सिलेबस तैयार करने का अधिकार भी होता है।

### नैक से ए-ग्रेड कॉलेज की अनिवार्यता

आटोनामस कॉलेज का मुख्य आधार नैक से ए-ग्रेडिंग होता है। नैक से ए-ग्रेड प्राप्त कॉलेजों को ही आटोनामस का दर्जा प्राप्त होता है। इसीलिए नैक से ए-ग्रेड प्राप्त करने वाले निजी शिक्षण संस्थान भी आटोनामस दर्जा दिए जाने की मांग करते हैं। नैक ए-ग्रेड होने के बाद यूजीसी आटोनामस का दर्जा प्रदान करती है और संबंधित यूनिवर्सिटी द्वारा इसकी अधिसूचना जारी की जाती है। इसलिए चयनित कॉलेजों को पहले आटोनामस के मानदंडों के अनुसार नैक से ए-ग्रेडिंग के लिए तैयारी करवाना था।

### नहीं चल रही अभी कोई तैयारी

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से कुछ गवर्नमेंट कालेजों को आटोनामस बनाने के लिए तैयार करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए कुछ गवर्नमेंट कालेजों का चयन किया गया था, किन्तु उस दिशा में अभी कोई तैयारी नहीं चल रही है।

-**डीपी साहू**, क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग

### फिलहाल कोई प्रक्रिया चालू नहीं

गवर्नमेंट कालेजों को आटोनामस बनाने की योजना उच्च शिक्षा विभाग ने बनाई थी, जिसके तैयारी के संबंध में मिंटिंग भी हुई थी। आटोनामस बनाने के लिए प्रदेशभर से कई गवर्नमेंट कालेजों को चयन किया गया था, जिसमें हमारा गवर्नमेंट कालेज भी शामिल था। लेकिन फिलहाल इस संबंध में कोई प्रक्रिया नहीं चल रही है।

-**एसएल निराला**, प्राचार्य, शा. जेपी वर्मा कालेज

**एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन वाले 30 हजार किसान भी शामिल**

# 62 हजार आयकर दाताओं ने बनाया बीपीएल कार्ड, जीएसटी भरने वाले 640 कारोबारी भी

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

अलग खबर

प्रदेश में 62 हजार 813 आयकरदाताओं ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गरीबी रेखा का राशनकार्ड बना लिया है। यह लोग पिछले करीब तीन सालों से राशन का उठाव भी हर महीने कर रहे हैं। बिलासपुर में इनकी संख्या 6074 तो रायपुर में 10361 है। इसके अलावा जीएसटी भरने वाले 640 कारोबारियों ने भी बीपीएल राशनकार्ड बनवाया है। इतना ही नहीं प्रदेश में 29 लाख 83 हजार 738 ऐसे किसान हैं जिनके पास एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन हैं, इन्होंने भी बीपीएल राशनकार्ड बना लिया है। अब सभी को इनकम टैक्स के साथ ही जीएसटी और खाद्य विभाग नोटिस जारी कर रहा है। इससे रिकवरी भी हो सकती है।

गौरतलब है कि प्रदेश में राशन कार्ड सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। इसी के तहत वन नेशन वन कार्ड के तहत कराए गए ई-केवाईसी और आधार से लिंक बैंक खाते, पेन कार्ड के सत्यापन में इन गड़बड़ियों का पता चला है। इसके बाद खाद्य संचालनालय ने संबंधित जिलों को निर्देश दिए हैं कि इन राशन कार्डों की फिजिकल वेरिफिकेशन कर फर्जी सदस्यों को नोटिस जारी करें। इस संबंध में जिला कलेक्टरों को विशेष टीम गठित करने को कहा गया है। अधिकारियों के मुताबिक फर्जी कार्डों के माध्यम से वर्षों से उठाए गए राशन की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है। जिन राशन दुकानों या अधिकारियों की लापरवाही सामने आएगी, उनके विरुद्ध विभागीय जांच की तैयारी की जा रही है।



- आयकर के साथ ही जीएसटी और खाद्य विभाग नोटिस जारी कर रहा
- फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गरीबी रेखा राशनकार्ड बना लिया गया

### एक लाख से अधिक निष्क्रिय आधार भी

सत्यापन में एक लाख 5 हजार से अधिक निष्क्रिय आधार धारकों के नाम भी सामने आए हैं, जिन पर राशनकार्ड बने हैं। इसमें बिलासपुर में 5841, कवर्धा में 8701, जशपुर में 5681, रायपुर में हजारों निष्क्रिय पहचान से राशन उठाया जा रहा है। जांच में पुख्ता प्रमाण मिलने के बाद इन राशन कार्डों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऐसे सभी कार्डों को ऑनलाइन ब्लॉक करना शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार कार्ड ब्लॉक करने पर किसी को आपत्ति है तो वे राशन दुकानदारों या विभाग के पास आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

### तीन साल से ले रहे राशन, होगी वसूली

फर्जी राशन कार्डों को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खाद्य विभाग के अधिकारियों की पिछले दिनों बैठक लेकर कहा कि जांच के काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन के मुताबिक हजारों की संख्या में ऐसे एपीएल राशन कार्डों की भी जानकारी मिली है जो पिछले तीन साल से राशन ले रहे हैं। इनसे पूरे पैसे की वसूली होगी। अधिकारियों के मुताबिक प्रशासन के मुताबिक ऐसे वर्गों को गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। राज्य स्तर पर जारी यह आंकड़ा अब आगे पात्रता की जांच में राशनकार्ड बनेगा। जिन आपात्रों ने राशनकार्ड बनवाया है, उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। उनसे रिकवरी भी किया जाएगा।

### बड़े भू-स्वामी भी बीपीएल में शामिल

सत्यापन के दौरान रायपुर जिले में सबसे अधिक 10,361 आयकर दाता, 123 जीएसटी पे करने वाले कारोबारी और 1,12,956 एक हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले व्यक्तियों के पास आधार कार्ड मिले हैं। इसी तरह बिलासपुर जिले में 6,074 आयकर दाता, 36 कारोबारी और 1,26,041 बड़े भू-स्वामियों ने बीपीएल कार्ड बनवा लिया है। इसके साथ ही दुर्ग जिले में 6,339 आयकर दाता, 71 कारोबारी और 79,446 भूमि स्वामी चिह्नित किए गए हैं। सरगुजा में 2,586 आयकर दाता, 11 कारोबारी और 75,277 भूमि स्वामी है। आदिवासी बहुल बस्तर जिले में 1,185 आयकर दाता, 9 कारोबारी और 57,097 भूमि स्वामी के पास आधार कार्ड दर्ज किए गए हैं।



### जांच कर होगी कार्रवाई

वन नेशन वन कार्ड के तहत ई-केवाईसी और आधार से लिंक बैंक खाते, पेन कार्ड का सत्यापन किया जा रहा है। इसमें कुछ गड़बड़ियों की जानकारी मिली है। विभागीय अधिकारियों को जांच करने कहा गया है। इसके बाद कार्रवाई होगी।

**- संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

# अज्ञात वाहन की टक्कर से तहसीलदार के बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर





- जिला न्यायालय के सामने हुआ हादसा

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तहसीलदार का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अंगूठा लगाकर मोबाइल लॉक खोलने पर मृतक की पहचान हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक शैलेष सिंह ने बताया कि राजनांदगांव छुरिया निवासी हनुमंत श्याम बेमेतरा में तहसीलदार है। उनका बेटा मणिन्द्रभूषण श्याम (23 साल) रामाग्रीन सिटी में किराए के मकान में रहकर पीएससी की तैयारी कर रहा था। मंगलवार की सुबह 4.30 बजे अपने घर से बाइक में कुछ सामान लेने के लिए निकला था। जिला न्यायालय के सामने अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसे टक्कर मार दी और भाग गया। बाइक सहित युवक खून से लथपथ सड़क में पड़ा हुआ था। इस दौरान उस ओर से गुजर रहे एक व्यक्ति उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर पहुंचा। सिम्स में डाक्टर ने परिक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। उक्त व्यक्ति ने मृतक का अंगूठा लगाकर उसके मोबाइल का लॉक खोलकर डायल नम्बर में फोन किया। इसके बाद मृतक की पहचान हो पाई। सूचना पर तहसीलदार पिता शहर पहुंचे। उनकी उपस्थिति में पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सौंप दिया। पिता अपने बेटे का शव अंतिम संस्कार के लिए राजनांदगांव छुरिया लेकर चले गए।

### रात भर दौड़ते हैं भारी वाहन

रात 11 बजे नो एंट्री खुलने के बाद सुबह 5 बजे नेहरू चौक से उसलापुर, सकरी मार्ग में बिल्डिंग मटैरियल सामान लेकर भारी वाहन दौड़ते है। जल्दी फेरा लगाने के फेर में भारी वाहन के चालक तेज रफ्तार से गाड़ी दौड़ाते है। रात भर शहर के अंदर भारी वाहन मौत बनकर दौड़ते रहते है। उक्त वाहनों के रफ्तार पर अंकूश लगाने कोई नहीं रहता है।

### शहर के अंदर बढ़ रहे सड़क हादसे

शहर के अंदर ट्रैफिक व्यवस्था के भगवान भरोसे होने के कारण लगातार सड़क हादसा हो रहे हैं। इससे पहले 7 फरवरी की रात तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज में नाबालिग ने बीएमडब्ल्यू कार चलाते हुए बाइक सवार 2 लोगों को टक्कर मार दी थी। इसमें 5 युवक घायल हुए थे। एक दिन बाद ही 8 फरवरी को लालखदान ओवर ब्रिज में नो एंट्री में घूसकर हाइवा के चालक ने बाइक सवार महमंद निवासी विशाल साहू को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। 9 फरवरी को तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज में रायपुर निवासी राहुल श्रीवास्तव की कार को क्रेटा के चालक ने टक्कर मार दिया था। 9 फरवरी को ही तोरवा शंकर नगर बाम्बे आवास निवासी राहुल यादव को बाइक चालक ने टक्कर मार दिया था। हादसे में उसकी मौत हो गई थी।

# कोरबा ले जाकर प्रेमी ने युवती का गला रेता, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

कोरबा ले जाकर प्रेमी ने प्रेमिका का चाकू से गला रेत दिया। घायल युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

- एक सप्ताह जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष करती रही

अशोकनगर निवासी शुभम नायडू पिता बीके नायडू 28 साल का निजी बैंक में काम करने के दौरान पुराना बस स्टैण्ड कश्यप कालोनी निवासी निशा उर्फ प्रतीक्षा श्रीवास पिता शिवकुमार श्रीवास 26 साल से प्रेम संबंध था। शुभम नायडू पहले से शादी शुदा था और एक बेटा था। जानकारी होने पर निशा उर्फ प्रतीक्षा ने उससे दूरी बना ली थी। 3 फरवरी 2026 को निशा उर्फ प्रतीक्षा वृंदावन परिसर सामान खरीदने गई थी। देर रात तक घर नहीं लौटी तो परिजन कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने युवती को फोन लगाया तो वह बात नहीं कर पा रही थी। युवती के द्वारा मोबाइल लोकेशन भेजने पर कोरबा के उरगा थाना कि पुलिस मौके पर पहुंची। निशा उर्फ प्रतीक्षा खून से लथपथ पड़ी हुई थी। उसके गले में गंभीर चोट के निशान थे। वहीं शुभम नायडू की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक शुभम निशा को उरगा लेकर गया था और उसका गला रेतकर अपना गला भी काट लिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस के द्वारा गंभीर अवस्था में युवती को सिम्स में भर्ती कराया गया था। एक सप्ताह तक जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष के बाद 10 फरवरी को निशा ने दम तोड़ दिया। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई है।



इलाज के दौरान अस्पताल में मृतका।

# अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटने से ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से एक ग्रामीण की मौत हो गई । वहीं एक अन्य घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मस्तूरी कर्रा निवासी विक्रम कैवर्त्य पिता रमेश कैवर्त्य 34 साल एक अन्य व्यक्ति के साथ गांव से ट्रैक्टर में खाद लेकर जा रहा था। ग्राम पोड़ी के खार में ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद विक्रम कैवर्त्य को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन के द्वारा घायल दूसरे व्यक्ति को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### दो कारों में भिड़ंत एक की मौत

दो कार के बीच आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक रविन्द्र मिश्रा ने बताया कि बहतराई निवासी संतोष राय पिता कृष्ण मुरारी राय 43 साल आर्टिगा कार से जा रहे थे। बलौदा में सामने से आ रही इको कार के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दिया। हादसे में संतोष राय गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल लेकर आए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है।

# महामाया विहार कालोनी में ओयो होटल

**बिलासपुर।** शहर में जिला न्यायालय के पीछे महामाया विहार आवासीय कालोनी के बीच एक बिल्डिंग में संचालित ओयो होटल को लेकर कालोनीवासियों में आक्रोश है। यहां के रहवासियों ने रिहायसी कालोनी के बीच संचालित ओयो होटल को बंद कराने की मांग करते हुए निगम आयुक्त को हस्ताक्षरित ज्ञापन भी सौंपा है। यह होटल और बिल्डिंग एक राजनीतिक दल से जुड़े नेता का बताया जा रहा है, इस कारण निगम भी फिलहाल कार्रवाई करने में पीछे हट रहा है।

- निगम से शिकायत कर बंद करने की मांग

शिकायत के मुताबिक वेयर हाउस रोड महामाया बिहार स्थित आवासीय ले आउट प्लाट क्रं 18 एवं 19 पर निर्मित आवासीय भवन के आदेश क्रमांक 5441/6/82/ भोपाल आदेश दिनांक 7-12-1982 द्वारा अनुमेदित आवासिय ले आउट) में पिछले कुछ माह से ओयो होटल का संचालन किया जा रहा है। कालोनी के बीचो-बीच संचालित यह ओयो होटल कालोनी के बच्चो, महिलाओं और कालोनीवासियों के लिए जी का जंजाल बनकर रह गया है। यहां सुबह से लेकर रात तक मुंह में गमछा और नकाब पहनकर युवक- युवतियों का आनाजाना लगा रहता है। जिससे इस पॉश और सभ्रांत कॉलोनी के लोगो को आवागमन के दौरान शर्मसार होना पड़ता है।

# आरक्षक दंपती ने दूसरे आरक्षक दंपती को पीटा

**बिलासपुर।** बच्चे के पैर में थूककर आरक्षक दंपती ने दूसरे आरक्षक दंपती के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने हमलावर दंपती के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पुलिस लाइन क्वाटर नम्बर डीजी 3 आरक्षक अश्वनी पटेल की पत्नी लक्ष्मी पटेल ने रिपोर्ट लिखाई है कि 7 फरवरी की दोपहर 12 बजे पड़ोसी आरक्षक जलेश्वर राजपूत की पत्नी प्रीति राजपूत ने उनके बेटे रूद्र पटेल के पैर में थूक दिया। मना करने पर प्रीति राजपूत गाली गलौज करने लगी। विवाद अधिक नहीं बढ़े इसलिए वह अपने बेटे को लेकर घर आ गई। 15 मिनट बाद घर की घंटी बजी तो अश्वनी पटेल ने दरवाजा खोला। दरवाजे पर खड़े जलेश्वर राजपूत व उसकी पत्नी उसी बात को लेकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। श्रीमती पटेल बीच बचाव करने गई तो उनके साथ भी की गई। पुलिस ने श्रीमती पटेल की रिपोर्ट पर आरक्षक जलेश्वर राजपूत, प्रीति राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

हरिभूमि आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवाताल),

राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

आवश्यकता है

प्रतिष्ठित समाचार पत्र "हरिभूमि" के लिए अनुभवी एवं प्रतिभाशाली रिपोर्टर एवं उप-संपादक की तत्काल आवश्यकता है।

योग्यताएँ :-
1. पत्रकारिता एवं जनसंचार में डिग्री या डिप्लोमा।
2. किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। (फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं यदि उनमें बेहतरीन लेखन क्षमता हो)।

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा निम्न पते पर भेजें।

हरिभूमि प्रेस
गौरव पथ, रिंग रोड नं 2 बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401050